

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 150 रांची, गुरुवार, 14 मई, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 13, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### केरल में चार करोड़ के नारकोटिक्स मामले में सिलीगुड़ी से दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** केरल में करीब चार करोड़ के नारकोटिक्स मामले में केरल पुलिस ने सिलीगुड़ी से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हिरेन केके और अरोमल के रूप में हुई है, जो केरल के निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले महीने केरल में एक बड़े ड्रग्स तस्करी रैकेट का खुलासा हुआ था। जांच के दौरान इन दोनों आरोपितों का नाम सामने आने के बाद से वे फरार चल रहे थे। उन्हें पकड़ने के लिए केरल पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर तलाश शुरू की।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक का 38 वर्ष की आयु में निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। अभी उनकी उम्र महज 38 वर्ष थी। सूत्रों के मुताबिक वह बीमार थे। सिविल अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, प्रतीक यादव को सिविल अस्पताल प्रातः 6:00 बजे लाया गया२। अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रतीक फिटनेस के प्रति काफी गंभीर रहते थे। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे हैं। उनकी पत्नी अपर्णा यादव भाजपा की नेता हैं और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं।

### अस्पताल से घर लौटीं सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच के बाद घर लौट आईं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में बताया कि सोनिया गांधी ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच कराने के बाद अब घर पहुंच चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 24 मार्च को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय फेफड़ों से संबंधित समस्या के चलते डॉक्टर अरूप बसु की देखरेख में उनका इलाज किया गया था।

### मणिपुर में पूर्वी इंफाल जिले के अलग-अलग हिस्सों से चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में शांति व्यवस्था को कायम करने के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चलाए गये बीते 24 घंटों के दौरान चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया कि 12 मई को सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेइपाक (प्रीपाक) के एक सक्रिय कैडर नेप्रम दिजामणि मैतेई (52) को गिरफ्तार किया गया। वह इंफाल पूर्वी जिले के बाशिखोंग तोरबन लेइकाई का रहने वाला है और उसे इंफाल पश्चिमी जिले के सिंगजामेई पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांचीपुर सुपर मार्केट इलाके से पकड़ा गया। उसके पास से प्रीपाक के 11 मांग पत्र बरामद किए गए, जिन पर प्रीपाक के वित्त विभाग के स्वयंभू राजस्व प्रमुख चांगखोनबा मैतेई के हस्ताक्षर थे।

# सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित, 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

## परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से रहा बेहतर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है। बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 17,80,365 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 15,07,109 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की कमी आई, जो 2025 के 88.39 प्रतिशत से घटकर 2026 में 85.20 प्रतिशत हो गया। सीबीएसई के अनुसार लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह लड़कियों ने लड़कों



से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।
क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। इसके बाद चेन्नई, बेंगलुरु और विजयवाड़ा क्षेत्र का स्थान रहा। दिल्ली पश्चिम क्षेत्र का परिणाम 92.34 प्रतिशत और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का परिणाम 91.73 प्रतिशत रहा। ओवरऑल दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत 91.97 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### झारखंड का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत के करीब, देशभर में 13वां स्थान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 की 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसके साथ ही झारखंड सहित देशभर के लाखों विद्यार्थियों का इंतजार समाप्त हो गया। इस वर्ष झारखंड, जो सीबीएसई के रांची रीजन के अंतर्गत आता है, का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 85.01 दर्ज किया गया। यह राष्ट्रीय औसत 85.20 प्रतिशत के काफी करीब रहा। रांची रीजन ने देशभर के 22 क्षेत्रों में 13वां स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि इस वर्ष सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल के बीच आयोजित की गई थीं। परीक्षा में विज्ञान, वाणिज्य और कला तीनों संकायों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

**50 हजार विद्यार्थियों ने दी परीक्षा :** आंकड़ों के अनुसार, झारखंड से इस बार करीब 50 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें राज्य के लगभग 500 संबद्ध प्लस टू विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। केवल रांची जिले से डीपीएस रांची, जेवीएम श्यामली, सरला बिरला पब्लिक स्कूल सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 15 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

**स्कूलों में उत्सव जैसा माहौल :** परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों और विद्यार्थियों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। विज्ञान और वाणिज्य के साथ-साथ कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही छात्र-छात्राएं अपना परिणाम देखने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर सक्रिय रहे। सफल परिणाम मिलने के बाद कई स्कूलों में उत्सव जैसा माहौल बन गया। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# मंत्रिमंडल के बड़े फैसले : 37,500 करोड़ की कोयला गैसीकरण योजना को मंजूरी

## ऊर्जा, रेल हवाई अड्डा और किसानों को नई मजबूती, नागपुर हवाई अड्डे का होगा आधुनिकीकरण

**अहमदाबाद–धोलेरा के बीच देश की पहली अर्ध–उच्च गति रेल परियोजना को हरी झंडी**

**खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ऊर्जा, परिवहन, कृषि और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सरकार ने जहां 37,500 करोड़ रुपये की सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण योजना को मंजूरी दी, वहीं नागपुर हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण, गुजरात की पहली अर्ध-उच्च गति रेल परियोजना और खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी जैसे बड़े फैसले भी किए गए। इन निर्णयों को देश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।



### कोयले से बनेगी गैस, ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मिलेगा बल

**केंद्र** सरकार ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत के पास लगभग 200 वर्षों के उपयोग योग्य कोयला भंडार मौजूद है और अब इसका उपयोग गैस उत्पादन में किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले का गैसीकरण कर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना है। इस योजना से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है।

### नागपुर हवाई अड्डे को मिलेगा विश्वस्तरीय स्वरूप

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और उन्नयन को भी मंजूरी दे दी है। हवाई अड्डे का विकास सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल पर किया जाएगा। इसके तहत जीएमआर ग्रुप की सहयोगी कंपनी अगले 30 वर्षों तक हवाई अड्डे के विकास, संचालन और प्रबंधन का कार्य संभालेगी। यह परियोजना बहु–माध्यम अंतरराष्ट्रीय माल परिवहन केंद्र और हवाई अड्डा परियोजना का अहम हिस्सा है। नई योजना के तहत हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाकर प्रतिवर्ष 3 करोड़ यात्रियों को संभालने योग्य बनाया जाएगा। आधुनिक यात्री टर्मिनल, बेहतर माल परिवहन सुविधाएं और अंतरराष्ट्रीय संपर्क बढ़ने से नागपुर को मध्य भारत के बड़े विमानन और परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।


### कोयले से बनेगी गैस, ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मिलेगा बल

**केंद्र** सरकार ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत के पास लगभग 200 वर्षों के उपयोग योग्य कोयला भंडार मौजूद है और अब इसका उपयोग गैस उत्पादन में किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले का गैसीकरण कर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना है। इस योजना से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है।

गैसीकरण प्रक्रिया के माध्यम से कोयले को संश्लेषित गैस में बदला जाएगा, जिसका उपयोग ईंधन और रसायन उद्योग में किया जाएगा। इससे द्रवीकृत प्राकृतिक गैस, यूरिया, अमोनिया, मिथेनॉल और कोकिंग कोल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम होगी। सरकार ने संयंत्र और मशीनरी लागत पर 20 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन देने का भी निर्णय लिया है। अनुमान है कि देशभर में लगभग 25 परियोजनाओं के माध्यम से 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

# झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने रांची के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। माधव लाल सिंह, गोमिया विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। वे सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वे गोमिया क्षेत्र के विकास, आम लोगों की समस्याओं और आम लोगों से सीधे जुड़ाव के कारण जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।



**पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने जताया शोक**

गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और २राज्य सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झारखंड के पूर्व मंत्री एवं गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने जनसेवा एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि माधव बाबू ने लंबे समय तक जनसेवा और सामाजिक जीवन में जो योगदान दिया, उसे सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने प्रार्थना की कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों व समर्थकों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

# रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने

एजेंसी

**पुडुचेरी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उप राज्यपाल कैलाशनाथन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। बुधवार सुबह 9:47 बजे उप राज्यपाल भवन परिसर में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एन. रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली।



मल्लाडी कृष्णा राव ने तेलुगु में शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान से हुई, जबकि तीसरे क्रम में तमिल थाई वाज्थु गाया गया। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एक सप्ताह के भीतर मंत्रियों का पूर्ण शपथ ग्रहण होगा। विभागों का आवंटन उसी समय घोषित किया जाएगा। पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रंगासामी पैदल विधानसभा पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस परेड की सलामी ली और अपने कक्ष में महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि पुडुचेरी का पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनना मेरे लिए खुशी की बात है।

# हिमंत बिस्व सरमा 2.0 सरकार : 26 मई को सदन में पेश होगा यूसीसी बिल

एजेंसी

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गये। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आज से आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है तथा मंत्रियों के विभागों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने 26 मई को सदन में



समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। हालांकि, जनजातीय समुदायों तथा सभी प्रकार की धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। प्रस्तावित यूसीसी में मुख्य रूप से विवाह की न्यूनतम आयु, संपत्ति अधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप तथा बहुविवाह जैसे विषय शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि असम विधानसभा का सत्र 21, 22, 25 और 26 मई को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र ही नई सरकार के संचालन का आधार बनेगा। सरकार ने दो लाख सरकारी नौकरियों के लक्ष्य को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव सभी विभागों के साथ चर्चा कर अगले पांच वर्षों में युवाओं को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने की रूपरेखा पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### तमिलनाडु में टीवीके सरकार ने हासिल किया बहुमत

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। विजय को अपना बहुमत साबित करने के लिए 117 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें सदन में 144 विधानसभा सदस्यों का समर्थन मिला। सरकार के पक्ष में एआईएडीएम के 27 सदस्यों ने भी मतदान किया। तमिलनाडु में राजनीतिक हलचल के बीच बुधवार सुबह 9:30 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। तमिलगा वेत्रि कड़गम पार्टी के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण था। पहली बार राज्य में चुनाव लड़ने वाली टीवीके ने राज्य में सरकार बनाई है।

# उद्योग मंत्री ने कोलकाता में झारक्राफ़्ट के नए इम्पोरियम का किया उद्घाटन

## नया इंपोरियम झारखंड के हजारों कारीगरों के सपनों, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक : मंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**कोलकाता/रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के थिएटर रोड में झाक्राफ्ट के नए इंपोरियम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह एम्पोरियम केवल उत्पादों की बिक्री का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह झारखंड के हजारों कारीगरों के सपनों, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। इससे ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। झारक्राफ्ट लगातार राज्य के कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके हुनर को



राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने का कार्य कर रहा है।
उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का क्षण है। झाक्राफ्ट के नये एम्पोरियम का शुभ उद्घाटन कोलकाता जैसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगर में होना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ-साथ समृद्ध हस्तशिल्प, हथकरघा, तसर सिल्क, डोकरा कला. बाँस एवं लकड़ी के शिल्प और जनजातीय संस्कृति के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है।

### दो राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का करेगी कार्य

**इस** अवसर पर उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि कोलकाता, कला, साहित्य और संस्कृति का केंद्र रहा है। ऐसे शहर में झारक्राफ्ट के इस नये इम्पोरियम की स्थापना दो राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का कार्य करेगी। यहाँ आने वाले ग्राहकों को झारखंड की पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। प्रबंध निदेशक, झारक्राफ्ट गरिमा सिंह ने उद्घघाटन समारोह में आये हुये सभी विशिष्ट आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुये कहा कि झारक्राफ्ट का यह नया इम्पोरियम कोलकाता के लोगों के बीच विशेष लोकप्रियता प्राप्त करेगा और झारखंड की कला एवं संस्कृति को नई पहचान दिलाएगा। आने वाले दिनों में झारक्राफ्ट अन्य महानगरों में भी नये इम्पोरियम खोलने के लिए प्रयासरत रहेगा।

# प. बंगाल विस चुनाव 2021 के हिंसा मामलों की फिर होगी जांच

**शुभेंदु ने दिए केस दोबारा खोलने के निर्देश**

एजेंसी

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों की दोबारा समीक्षा और जांच कराने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी किया है। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अवैध पशु तस्करी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी आदेश में कहा गया है



कि चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामलों की जांच को लेकर गंभीर शिकायतें मिली हैं।
आदेश में कहा गया 2021 विधानसभा चुनाव के बाद आपके अधिकार क्षेत्र में दर्ज राजनीतिक हिंसा के पुराने मामलों की उचित कानूनी कार्रवाई के लिए समीक्षा की जाए। सरकार ने निर्देश दिया है कि 2021 चुनाव बाद हिंसा मामलों में दाखिल अंतिम रिपोर्टों की सावधानीपूर्वक जांच की जाए और जहां जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या कमी पाई जाए, वहां मामलों को दोबारा खोलकर विस्तृत जांच की जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन प्रारंभिक जांच में संज्ञेय अपराध सामने आते हैं, वहां नए मामले दर्ज किए जा सकते हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को इस पूरी प्रक्रिया की व्यक्तिगत निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आरोपपत्र दाखिल होने के बाद मुकदमों की नियमित निगरानी करने को भी कहा गया है।

# डीसी ने बिरहोर टोला का किया निरीक्षण, सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** डीसी ऋतुराज ने मंगलवार को मांडू प्रखंड अंतर्गत सुगिया क्षेत्र में स्थित बिरहोर टोला का दौरा किया। वहां संचालित विभिन्न योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बिरहोर परिवारों से बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बिरहोर समुदाय के रहन-सहन, आवासीय व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिरहोर समुदाय के सभी परिवारों को सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराया जाए। डीसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, पेंशन योजना और मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था और विद्यालय से जुड़ाव की भी जानकारी ली और नियमित उपस्थिति कराने को कहा।

डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बिरहोर टोला में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने, कुपोषण और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं पेयजल और स्वच्छता से संबंधित व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखने को कहा गया। उन्होंने कहा कि विशेष जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और सामाजिक सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करें और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

# इटकी में आयोजित शिविर में 50 निःसंतान दंपतियों की निःशुल्क जांच

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**इटकी।** इटकी के गुलजार रोड स्थित टू हेल्थ डायग्नोस्टिक सेंटर प्रांगण में बुधवार को निःसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। बेला इनिटीस रांची द्वारा आयोजित शिविर में डॉ सौम्या सिन्हा और डॉ सबिता ने करीब 50 लोगों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इसके अलावा जेनरल बिमारियों का भी जांच किया । शिविर को सफल बनाने में अहजम नबील, अनीका बातिल, जाहिद परवेज, पंकज कुमार, शरजील अंसारी, मेराज आलम, अदीबा, नबील, आरिफ मून व समीउद्दीन ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## संक्षिप्त

### सिल्ली कई पेट्रोल पपों पर वाहनों की लगी लंबी कतार

**सिल्ली।** सिल्ली मुरी क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल का संकट गहरा गया है। जहां पिछले दो दिनों से पंपों पर तेल उपलब्ध नहीं था। वहीं बुधवार पेट्रोल टैंकर के पहुंचते ही सिल्ली के एचपी पंप बंता के एच पी पंप एवं इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गई। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पेट्रोल डीजल की आपूर्ति बाधित होने के कारण मुरी , सिंगपुर एवं कुतरु में पेट्रोल पंप अस्थायी रूप से बिक्री बंद कर दी है। इस स्थिति के कारण कई पंपों पर भीड़ बढ़ गई ।पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार, दोपहिया वाहनों को 400 रुपए और चारपहिया वाहनों को 2000 रुपए तक का ही ईंधन दिया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को ईंधन उपलब्ध कराया जा सके। पेट्रोल पंप प्रबंधक का कहना है कि तेल डिपो से टैंकरों की आपूर्ति बाधित होने से ये स्थिति उत्पन्न हुई है। इधर, उपभोक्ताओं का कहना है कि सीमित मात्रा में पेट्रोल मिलने और लंबी लाइन के कारण रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। कई लोग काम के सिलसिले में प्रतिदिन 50 से 60 किलोमीटर तक सफर करते हैं ऐसे में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि कुछ स्थानों पर आपूर्ति प्रभावित होने के कारण यह स्थिति बनी है और जल्द ही पेट्रोल की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

### सवारी जीप के टक्कर में एक व्यक्ति घायल स्थिति गंभीर

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के एडरमहातू गांव के समीप जामुदाग -जाड़ेया सड़क में एक सवारी जीप ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दिया। घटना बुधवार सुबह 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है ।सिल्ली ओर से आ रहा सवारी जीप गाड़ी जेएच 01एए 9435 ने मोटरसाइकिल से सब्जी ले जा रहा किसान को टक्कर मार दिया। टक्कर से किसान सड़क पर गिर गया। किसान का पहचान एडरमहातू गांव के 30 वर्षीय जितेंद्र महतो के रूप में हुआ है। घायल को झामुमो नेता सुभाष महतो ग्रामीणों के मदद से इलाज के लिए सिंगपुर अस्पताल भेजा। सिंगपुर अस्पताल में स्थिति बिगड़ते देख रिम्स रेफर कर दिया गया है। इधर ग्रामीणों को कहना था कि कुछ दूर में पुलिस पेट्रोलिंग में थी।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के क्वार्टरों का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रियंका सिंहा ने अपनी टीम के साथ सिल्ली प्रखंड कालोनी स्थित स्वास्थ्य विभाग के क्वार्टरों का भौतिक निरीक्षण किया। चिकित्सक ने सभी क्वार्टरों में जाकर भवन के वर्तमान स्थिति की जांच की। सभी क्वार्टर किस हाल में है, कौन सा क्वार्टर किसके नाम आबंटित है और कौन किस क्वार्टर में रह रहा है। इसका भी सत्यापन किया।

निरीक्षण में पता चला कि विभाग के सभी सात क्वार्टर जर्जर अवस्था में है। इस क्वार्टरों में कर्मचारी छतों पर प्लास्टिक डाल कर जान जोखिम में डाल कर रहते है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने इस मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार से भी मुलाकात की। उन्होंने बीडीओ से बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी आवास काफी पुराने हैं, जो पूरी तरह से जर्जर है, किसी भी हाल में रहने के लायक नहीं है इसलिए इन क्वार्टरों को बेकार घोषित किए जाने की जरूरत है। बीडीओ ने इसकेलिए विभाग की ओर से सीओ को आवेदन करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि अगर कोई भी स्वास्थ्यकर्मी सरकारी आवास में रह रहा है तो नियमनुसार वेतन से हाउस रेंट कटेगा। चाहे नियमित हो अथवा अनुबंध पर हो। सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र में आवास को लेकर काफी अनियमितता सिल्लीः जांच पड़ताल के बाद पता चला कि सिल्ली के स्वास्थ्यकर्मियों के बीच आवास के आबंटन के मामले में काफी अनियमितता है। सिल्ली प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभी क्वार्टरों में काफी लंबे समय से स्वास्थ्यकर्मी रह रहे है। लेकिन इनमें से केवल दो स्वास्थ्यकर्मी को ही क्वार्टर का आबंटन हुआ है। इनका हाउस रेंट वेतन से कटता है। एक स्वास्थ्यकर्मी रंजिता लकड़ा नियमित होते हुए भी बिना आबंटन के ही क्वार्टर में रहती है। इनका हाउस रेंट वेतन से नहीं काटा जाता है। बाकी के सभी स्वास्थ्यकर्मी अनुबंध पर है बिना आबंटन के ही क्वार्टरों में रह रहे है। अनुबंध के कारण इनका भी हाउसरेंट नहीं कटता है। बात अस्पताल भवन की करें तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन में भी आवास आबंटन में काफी अनियमितता है। यहां भी चिकित्सक के दो क्वार्टर है एक में एक चिकित्सक रहते है तो दूसरे खाली क्वार्टर में 108 एम्बुलेंस वाले रहते है। एक नियमित संगणक दीपक कुमार भी अस्पताल परिसर में रहकर भी विभाग से हर महीने हाउस रेंट भी लेता है। इसका एचआरए नहीं काटा जाता। दो और स्वास्थ्यकर्मी मुख्य भवन में बिना किसी आबंटन के रहते है। यह भी जानकारी मिली है कि अस्पताल में कुछ कर्मचारी है जो अपने हित के लिए सरकारी नियमों की अवहेलना करते है। इससे बचने के लिए ये लोग प्रभारी चिकित्सक को वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं देते है।

# धूप और बारिश के बीच आज भी पेड़ के नीचे होती है पढ़ाई



**सोनाहातू।** प्रखंड के हेसाडीह पंचायत अंतर्गत स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय सावडीह में आज भी बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ाई करते है। हृदयविदारक स्थिति में पठन पाठन कर रहे नन्हे बच्चे प्रतिदिन धूप और बारिश से जूझते हुए पढ़ाई कर रहे है। ऐसे स्थिति में बच्चो को कैसे शिक्षा मिल सकती है और परीक्षा में क्या परिणाम हो सकता है। बरगद पेड़ के नीचे कक्षाओं का होता है संचालन-विद्यालय के सभी वर्ग कक्ष इतने जर्जर और खतरनाक हो चुके हैं कि उनमें बच्चों को बैठाना मौत को दावत देने जैसा है। प्रबंधन विवश होकर विद्यालय परिसर में स्थित बरामदे और बरगद के पेड़ के नीचे कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं ।खुले आसमान और पेड़ के नीचे पढ़ने के कारण भीषण गर्मी, धूल भरी आंधी और अचानक होने वाली बारिश में पठन-पाठन पूरी तरह ठप एवं चुनौतीपूर्ण हो जाता है। बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों ही दांव पर लगे हैं ।एक कमरा में ऑफिस और मध्याह्न भोजन का सामग्री रहता है। बरामदे में एक साथ जितने बच्चे बैठ सकते हैं पढ़ाई करते हैं ।बाकी पेड़ के नीचे। विद्यालय में एक से आठवीं तक 130 बच्चे नामांकित है। 4 सरकारी शिक्षक ओर एक सहायक आचार्य है। बारिश प्रारंभ होते ही स्कूल में छुट्टी हो जाती है। शौचालय की जर्जर स्थिति के कारण विशेषकर छात्राओं को जो मानसिक और शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ती है, वह अत्यंत चिंताजनक है। बुनियादी गरिमा के अभाव में बेटियों का स्कूल आना कम होता जा रहा है। प्रधानाध्यक बलराम महतो ने बताया कि 2025 से स्कूल के सभी कमरे जर्जर हैं ।कमरे में बैठने की स्थिति नहीं है। स्कूल की हालत को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभात कुमार से जानकारी लेनी चाही तो संपर्क नहीं हो पाया। प्रभात कुमार छः प्रखंड के प्रभार में है। संभवत सोनाहातू प्रखंड में माह में एक बार आते होंगे।

# सीबीएसई 12वीं में डीएवी खूंटी का शत-प्रतिशत परिणाम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** डीएवी पब्लिक स्कूल खूंटी के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विज्ञान संकाय में पिहु कुमारी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मानस सोनी 84.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा मयंक राज 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा अंशु कुमारी शर्मा ने 82.6 प्रतिशत, आदित्य कुमार ने 81.2 प्रतिशत तथा नितिन कुमार ने 80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वाणिज्य संकाय में साक्षी मिश्रा ने 82.8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकुश मिश्रा 74.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा शिवानंद प्रसाद 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

# झारखंड शिक्षा परियोजना के अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सोनाहातू।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की पीएमयू सेल की प्रोमिता मजूमदार ने अधिकारियों के साथ बुधवार को पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू का निरीक्षण किया गया । मजूमदार का स्वागत बैंड की टीम द्वारा किया गया और बाल संसद की प्रधानमंत्री अलका कुमारी द्वारा हस्तनिर्मित बुके से उनका स्वागत किया गया । निरीक्षण में विद्यालय के सभी अभिश्रवों , रजिस्टर और दस्तावेजों को देखने के पश्चात विद्यालय के लाइब्रेरी , विज्ञान कक्ष , प्रयोगशाला , स्मार्ट क्लास रूम , जिम , कंप्यूटर कक्ष ,व्यावसायिक कक्षा , रसोई घर , माहवारी कक्ष , मेडिकल रूम , छात्रावास , बागवानी और अन्य सभी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात उनके द्वारा विद्यालय रख रखाव और रिकॉर्ड की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की वार्डेन सरोजिनी टोप्पो को बेहतर बनाने की अपील की।

# भव्य कलश यात्रा के साथ राहे में अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ



**राहे।** प्रखंड के राहे गांव में अस्थायी हरि मंदिर में बुधवार सुबह से नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। सुबह कोकरो नदी घाट से महिलाओं के द्वारा कलश में पवित्र जल को भर कर पूरे गांव का परिक्रमा के कीर्तन स्थल में आकर जल प्रवावित किया गया ।महाप्रभु के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कीर्तन प्रारंभ हुआ। नौ दिनों तक कीर्तन मंडली के द्वारा अखंड हरिनाम किया जाएगा। इस अवसर में नौ दिन तक मेला का आयोजन किया गया है। मेले में कई तरह के झूले लगाए गए हैं। सोलह आना समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है।

# टीसीआई डीएवी की आंचल रानी बनी जिला टॉपर, नवोदय के विद्यार्थियों ने भी लहराया परचम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में टीसीआई डीएवी पब्लिक स्कूल, गोविंदपुर रोड जम्हार एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कर्रा के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों विद्यालयों के बेहतर परिणाम से शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। टीसीआई डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एसके पाठक ने बताया कि कला संकाय में सना परवीन ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अंजली कुमारी ने 71.6 प्रतिशत एवं विनय उरांव ने 64.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।विज्ञान संकाय में आंचल रानी ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने के साथ जिले में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं पल्लवी कुमारी ने 87.4 प्रतिशत एवं संजना कुमारी ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कर्रा-खूंटी से कुल 32 छात्र-छात्राएं सफल हुए। विज्ञान संकाय में एसटी भूमिका सोना ने 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंचन कुमारी 78 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे तथा आरडी मुस्कान कुमारी 72.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।कला संकाय में अनीश मुंडा एवं नितेश मांझी ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। दीप्ति कुमारी 78.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे तथा विर्सिंग हेरेंज 77.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बिजली के करेंट के चपेट में आने से मवेशी की मौत



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के मैसूडीह गांव के टुंगरी के समीप खेत से गुजरे बिजली के 11 हजार बोल्ट के करेंट के चपेट में आने से गांव के ही शिव नारायण महतो के बैल का मौत हो गया। बताया जाता है कि बिजली के पोल में लगे स्टे वायर में करेंट प्रवाहित होने से घटना घटी। किसान शिव नारायण महतो ने बताया कि मवेशी की मौत से 15 हजार रुपए की क्षति हुई है। घटना की सूचना बिजली विभाग को देते हुए मुआवजे की मांग की गई है।

# संगठित अपराध और अवैध कारोबार पर लगे लगाम : एसपी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** जिले में संगठित अपराध और अवैध कारोबार परकोई समझौता नहीं होगा। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। बुधवार को आयोजित क्राइम मीटिंग में एसपी ने कहा कि हर हाल में अपराधियों को उनकी जगह दिखानी होगी। क्राइम मीटिंग में सर्वप्रथम एसपी ने 29 बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा, उद्भेदन, निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। बलात्कार, पोक्सो एक्ट से संबंधित काण्डों को 60 दिन के अन्दर निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने डायल 112 के तहत प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी को 10 मिनट के अंदर कार्रवाई करने का निर्देशित दिया। एसपी ने पिछले 05 वर्ष, 03 वर्ष एवं 02 वर्षों से लंबित सभी काण्डों का कारण, सहित अलग-अलग सूची तैयार कर लम्बित कार्रवाई करने के लिए त्वरित गति से पूरा करते हुए निष्पादित करने के लिए निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संगठित आपराधिक गिरोह की विवरणी तैयार करने और जेल से बाहर आये अभियुक्तों का सत्यापन करते हुए उसके वर्तमान गतिविधि की समीक्षा कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# इटकी में सीआरपीएफ ने शहीद महाबीर महली का मनाया शहादत दिवस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**इटकी।** प्रखण्ड के सेमरा गांव में बुधवार को सीआरपीएफ ने शहीद महाबीर महली का शहादत दिवस मनाया। मौके पर सीआरपीएफ के अधिकारी अमरदीप पांडे और पिनाके चक्रवर्ती ने दिगवंत महाबीर महली के प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की और इस दौरान जवानों ने सलामी देकर सम्मानित किया। इसके बाद अधिकारियों ने शहीद पत्नी और परिजनों को ढाढ़स बंधाया । दिगवंत महावीर महली सीआरपीएफ के 31 वें बटालियन के जवान थे। 13 मई वर्ष 1984 में पंजाब अमृतसर में ड्यूटी के दौरान आतंकवादियों की गोलियों से शहीद हो गये थे। कार्यक्रम में मुखिया सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली शहीद महाबीर महली की पत्नी बृंगी देवी पुत्र सुभाष महली, अंजनी कुमारी, सृष्टि कुमारी, साहिल महली, प्रीति देवी, रूपा देवी सहित अन्य परिजन और ग्रामीण उपस्थित थे।

# हिंदी के प्रयोग को और अधिक सरल बनाएं : डॉ. माणिक चंद्र पंडित

**कोयला मंत्रालय ने सीसीएल मुख्यालय में की राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन की समीक्षा**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** कोयला मंत्रालय के उच्चस्तरीय निरीक्षण दल ने 13 मई को सीसीएल के रांची स्थित मुख्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन एवं प्रगामी प्रयोग की समीक्षा की। यह समीक्षा कोयला मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार एवं राजभाषा प्रभारी डॉ. माणिक चंद्र पंडित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

दल में मंत्रालय के सहायक निदेशक (राजभाषा) विशाल और वरिष्ठ प्रबंधक (हिंदी) दिलीप कुमार सिंह भी शामिल थे। दल ने सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग, राजभाषा नीति के अनुपालन और हिंदी के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों का गहन अवलोकन किया।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में प्रशासनिक, तकनीकी और डिजिटल कार्यों में हिंदी के बढ़ते उपयोग, राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं एवं जनसंपर्क माध्यमों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग की जानकारी साझा की गई।

मंत्रालय के अधिकारियों विशाल एवं दिलीप कुमार सिंह ने सीसीएल द्वारा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी ने हिंदी के प्रगामी प्रयोग को संस्थागत रूप देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सीसीएल प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ तकनीकी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी हिंदी को प्राथमिकता दे रही है।

बैठक के दौरान हिंदी संवर्ग के रिक्त पदों को भरने की कार्ययोजना, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार और आगामी संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# उदयनिधि स्टालिन के बयान के विरोध में तुपुदाना में प्रदर्शन आज

**बजरंग दल करेगा पुतला दहन, प्रशासन सतर्क**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** तमिलनाडु सरकार के मंत्री एवं द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में तुपुदाना में बुधवार को विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उनका पुतला दहन भी किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल के रांची विभाग संयोजक अंकित सिंह और बिरसा नगर संयोजक अभय कुमार करेंगे। प्रदर्शन को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने तैयारी पूरी कर ली है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन के बयान से करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि समाज अपनी असहमति लोकतांत्रिक तरीके से दर्ज कराएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन धार्मिक भावनाओं का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन के अनुसार प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। गौरतलब है कि हाल ही में उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इससे पहले भी उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी, जिसके बाद देशभर में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं। जहां कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने उनके बयान को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है, वहीं द्रमुक समर्थकों का कहना है कि उनका बयान सामाजिक समानता और न्याय के संदर्भ में था। इस विवाद के बाद देशभर में राजनीतिक और धार्मिक बहस तेज हो गई है।

## संक्षिप्त

### जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिले प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो



**रांची।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से राज्यसभा सांसद एवं झारखण्ड प्रदेश जदयू अध्यक्ष खीरू महतो ने पटना में मुलाकात की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि मुलाकात के दौरान खीरू महतो ने जदयू झारखंड संगठन के संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष को जानकारी दी। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए उनका मार्गदर्शन लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खीरू महतो को पूरे राज्य का भ्रमण कर संगठन को और बेहतर एवं धारदार बनाने का निर्देश दिया।

### रांची नगर निगम के मजदूरों का प्रदर्शन कल




**रांची।** झारखंड नगर निकाय मजदूर यूनियन की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम के मजदूर 14 मई को श्रम भवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह ने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रदर्शनकारी मजदूर दोपहर में मेकन गेट के समीप एकत्र होंगे। वहां से श्रम भवन के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में नगर निगम के दैनिक मजदूर क्षौर ठेका कर्मियों के शामिल होने की संभावना है। यूनियन की प्रमुख मांगों में झारखंड उच्च न्यायालय के निर्णय पर मजदूरों का स्थायीकरण, बोनस, छुट्टी, मातृत्व अवकाश, धुलाई भत्ता, डीए एरियर का भुगतान और काम से हटाए गए मजदूरों की पुनर्बहाली शामिल है। इसके अलावा न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये प्रतिमाह करने, चालकों को 24 हजार और हेवी ड्यूटी चालकों को 26 हजार रुपये वेतन देने की मांग भी उठाई जाएगी।

# टाटीसिल्वे फोरलेन रेडियल सड़क पर आवागमन शीघ्र

## बरसात से पूर्व पाइप लाइन से क्षतिग्रत सड़को को ठीक करे : प्रधान सचिव

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** नामकुम आरओबी से टाटीसिल्वे होते हुए रिंग रोड को मिलाने वाली रेडियल फोरलेनल रोड पर जल्द आवागमन शुरू हो सकता है। पथ निर्माण विभाग की बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि जल्द से जल्द शेष बचे कार्यो को पूरा कर उद्घाटन कराया जाये। यह फोरलेन राज्य की आधारभूत संरचना के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे रांची से पुरूलिया मार्ग पर आवगमन सुगम हो जायेगा। राजधानी का बहुप्रतिक्षित नया सराय रेलवे ओवर ब्रिज का काम जल्द पूरा करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने दिया है। नया विधानसभा से लोहरदगा रेल लाइन क्रासिंग के उपर होते हुए नया सराय तक आरओबी निर्माण अंतिम चरण में है।

श्री कुमार ने कहा कि राज्य की सड़के सुदृढ हालात में हैं। सभी सड़कें मोटरेबल है। यदि कहीं पाइप लाइन या केबुल के कारण सड़क प्रभावित हुआ हो तो बरसात के पहले उसे ठीक कर लिया जाये। प्रधान सचिव ने कहा कि चालू योजनाओं के काम में तेजी लाने और समय पर पूरा कराने के लिए सभी एजेंसियों को बुलाकर बैठक कर ली जाये। बैठक में वर्तमान परिवेश में मेटेरियल की आ रही समस्या एवं अन्य तकनीकी परेशानियों को दूर करने के लिए अंर्तविभागीय बैठक जल्द की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में योजनाओं की प्रगति धीमी नहीं होनी चाहिए। यह भी कहा कि सड़क और पुलों के निर्माण में राशि आड़े नहीं दी जायेगी। विभाग इसके लिए सक्षम है। जहां भी नयी योजनाओं की जरूरत हो, प्रस्ताव बना कर विभाग को उपलब्ध करायें। प्रधान सचिव ने विशेष कर रांची की योजनाओं की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि चापू टोली से कटहल मोड़ तक सड़क निर्माण के लिए निविदा जल्द निकाली जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बरियातु रोड को जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाये। इसके अलावा दुर्गा सोरेन चैक का लंबित कार्य अविलंब पूरा कराने का निर्देश दिया।

## अफवाहों पर भरोसा न करें, पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं : एसडीओ



**रांची।** पेट्रोल-डीजल खत्म होने की चर्चा के बीच मंगलवार को जिला प्रशासन ने तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कंपनियों ने साफ कहा कि शहर में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। कहीं भी तेल की कमी नहीं है। नामकुम और पिठोरिया के कुछ पेट्रोल पंपों पर तेल कम होने की खबरें सोशल मीडिया पर चल रही थीं। इसी को लेकर प्रशासन ने कंपनियों से स्थिति की जानकारी ली। सदर एसडीओ कुमार रजत ने कहा कि लोग किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। पेट्रोल-डीजल की सप्लाई लगातार हो रही है। उन्होंने कंपनियों को निर्देश दिया कि ट्रांसपोर्ट या सप्लाई से जुड़ी कोई दिक्कत हो तो उसका तुरंत समाधान करें, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। प्रशासन ने तेल कंपनियों से अपने पेट्रोल पंपों पर नजर बनाए रखने को भी कहा है, ताकि कहीं भी बेवजह भीड़ या जमाखोरी जैसी स्थिति न बने. प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि जरूरत के हिसाब से ही तेल खरीदें और अफवाह फैलाने से बचें।

## पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

**रांची।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें एक लोकप्रिय जननेता बताते हुए कहा कि माधव लाल सिंह का जाना राजनीति जगत के लिए एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है। मरांडी ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, सादगी और समर्पण का जो अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, वह प्रेरणादायी है।

## पुष्पा उरांव को मिला सीआईआई फाउंडेशन वुमन एक्सेम्पलर अवॉर्ड

**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई फाउंडेशन के एनुअल बिजनेस समिट 2026 में झारखंड की पुष्पा उरांव और बिहार की कंचन झा को महिला नेतृत्व और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दोनों को सीआईआई फाउंडेशन वुमन एक्सेम्पलर अवॉर्ड 2026 के तहत सम्मानित किया। 340 से अधिक नामांकनों में से चयनित 4 विजेताओं में शामिल पुष्पा उरांव को माइक्रो-एंटरप्राइज श्रेणी में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान मिला। लोहरदगा की रहने वाली पुष्पा उरांव ने स्वयं सहायता समूह से अपनी यात्रा शुरू की थी। आज उनके प्रयासों से 275 स्वयं सहायता समूह मजबूत हुए हैं, जिनसे 3,500 से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा निष्का राज ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अनन्या रॉय ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। रितांशु शेखर ने 96.6 प्रतिशत और ऋषिका छावछरिया ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने समग्र रूप से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में 498 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिबिंब है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। कहा कि उन्होंने एसबीपीएस परिवार का गौरव और सम्मान बढ़ाया है।

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी भ्रष्टाचार का अड्डा, नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए धर्मेंद्र प्रधान दें इस्तीफा : राजद

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अब भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है और लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होना देश के मेहनती और होनहार विद्यार्थियों के साथ बड़ा अन्याय है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, जिसे निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई थी, अब लगातार विवादों और प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं से घिर चुकी है। मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं कठिन मेहनत और ईमानदारी से परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं से उनके भविष्य पर संकट खड़ा हो जाता है। इससे विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की नैतिक जिम्मेदारी केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की बनती है। यदि सरकार में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए या सरकार उन्हें पद से बर्खास्त करे।

## आईआईएम रांची को एम्बा एक्रेडिटेशन का मिला प्रमाण पत्र

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** आईआईएम रांची को मैड्रिड (स्पेन) में आयोजित एएमबीए एवं बीजीए ग्लोबल डीन्स एंड डायरेक्टर्स कॉन्फ्रेंस-2026 में प्रतिष्ठित एसोसिएशन ऑफ एमबीए-एएमबीए (एम्बा) एक्रेडिटेशन का प्रमाण पत्र मिला। प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक स्तर पर स्वीकृत मानकों को पूरा करने में संस्थान की यह बड़ी उपलब्धि है। कांफ्रेंस के दौरान एएमबीए एवं बीजीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड्रयू मेन विल्सन ने संस्थान के प्रो. अध्यक्ष-आईपीएम और सह-अध्यक्ष एएमबीए एक्रेडिटेशन रवीश कृष्णनकुट्टी को औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ, आईआईएम रांची एम्बा की ओर से मान्यता प्राप्त वैश्विक बिजनेस स्कूलों के प्रतिष्ठित समूह में शामिल हो गया है। इससे अब आईआईएम रांची की गिनती दुनिया भर के शीर्ष 2% बिजनेस स्कूलों में की जाएगी। यह मान्यता संस्थान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थिति को और भी मजबूत बनायेगा। प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में इसकी बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित करने का काम करेगा। संस्थान को एम्बा एक्रेडिटेशन उसके कठोर अंतरराष्ट्रीय समीक्षा प्रक्रिया एवं मानकों को पूरा करने के बाद पुरस्कृत किया गया है। एम्बा की मान्यता संस्थान कि शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम प्रणाली, शिक्षाशास्त्र, छात्रों में सीखने और उनके अनुभव, उद्योग जगत की प्रासंगिकता और नेतृत्व विकास में उत्कृष्टता को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए सौंपी गयी है। एम्बा की मान्यता छात्रों, संस्थान के विभिन्न विभागों और पूर्व छात्रों को 75 से अधिक देशों में फैले एएमबीए के वैश्विक पेशेवर नेटवर्क तक अपनी पहुंच बनाने में सहयोग करेगी। इससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग, सीखने और करियर के विकास जैसे अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। एएमबीए की मान्यता-स्नातकोत्तर प्रबंधन शिक्षा के लिए दुनिया की सबसे सम्मानित मान्यताओं में से एक माना जाता है। लंदन में 1967 में स्थापित की गयी इस मान्यता प्रक्रिया को, बी-स्कूलों के लिए शीर्ष वैश्विक मान्यताओं (ट्रिपल क्राउन का हिस्सा) में से एक के रूप में स्वीकार किया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में 15 जून तक लगेंगी फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के कार्यालय कक्ष में पैथोलॉजी जांच के लिए मशीन बनाने वाली मेरिल कंपनी का प्रेजेंटेशन 13 मई 2026 को हुआ। इसमें अपर मुख्य सचिव के साथ अवर सचिव धीरंजन शर्मा, मेरिल कंपनी के पदाधिकारी और सी-डैक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रेजेंटेशन के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में पूर्व से अधिष्ठापित कंपनी की सेमी ऑटोमेटिक पैथोलॉजिकल मशीनों को बदलकर नई फुली ऑटोमेटिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मशीनों की विशेषता यह होगी कि एक साथ 50 सैंपलों की जांच की जा सकेगी। कंपनी की ओर से मशीनों पर 10 वर्षों तक मेंटेनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

नई मशीनों के माध्यम से यूरिन और ब्लड से संबंधित लगभग सभी पैथोलॉजिकल जांचें की जा सकेंगी। मशीन से प्राप्त जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकेगी। कंपनी द्वारा संबंधित मैनपावर को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ सॉफ्टवेयर संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाई जाएगी। बैठक के दौरान कंपनी के द्वारा एक लाइव डेमो दिया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार मशीन काम करती है और कैसे तत्काल रिपोर्ट देती है। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रथम चरण में इन मशीनों को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों एवं जिला अस्पतालों में स्थापित किया जाए। इसके बाद दूसरे चरण में राज्य के सभी सीएचसी एवं पीएचसी स्तर तक इसका विस्तार किया जाएगा।

# प्री-एसआईआर कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : भजंत्री

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्री (पूर्व)-विशेष मतदान पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों में खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ पर कार्रवाई के निर्देश दिया है। समाहरणालय सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने दो टूक कहा कि प्री-एसआईआर कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उन्होंने सभी निवार्ची निबंधक पदाधिकारियों को कमजोर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

साथ ही बीएलओ के रूप में कार्यरत ऐसे शिक्षकों का शहर से स्थानांतरण करने का निर्देश दिया गया, जो संबंधित पदाधिकारियों को रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं। बैठक में 58-तमाड़, 61-सिल्ली, 62-खिजरी, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे प्री-एसआईआर कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है और कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने घर-घर सत्यापन, स्टीकर लगाने और नोशनल हाउस नंबरिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिया। अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में वर्ष 2003 की मतदाता सूची प्रकाशित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे लोगों को नाम खोजने और मैपिंग कार्य में सुविधा होगी। बैठक में प्रभारी उपविकास आयुक्त संजय भगत, जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची निबंधक पदाधिकारी मौजूद थे।

# बीआईटी मेसरा और एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में एमओयू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** बीआईटी, मेसरा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सार्वजनिक अनुसंधान विश्वविद्यालय, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संस्थानों के बीच यह गठबंधन शैक्षणिक सहयोग, संकाय सहभागिता, छात्र विकास और संयुक्त पहलों के अवसरों को बढ़ावा देगा। यह समझौता ज्ञापन संकाय विकास एवं विनिमय, छात्र सहभागिता पहलों, शैक्षणिक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करेगा। इसके साथ ही यह साझा शिक्षण पद्धतियों, पाठ्यक्रम निर्माण दृष्टिकोणों और बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा एवं एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच व्यापक शैक्षणिक संवाद को भी प्रोत्साहित करेगा। इस दौरान हुई चचाओं में दोनों संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सहयोग, इंजीनियरिंग शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव और भविष्य के संस्थागत सहयोग के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस समझौते पर बीआईटी, मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना और एलुमनाई एवं इंटरनेशनल रिलेशंस की डीन डॉ. श्रद्धा शिवानी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से फुल्टन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में प्रेसिडेंट्स प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड ऑगमेंटेड इंटेलिजेंस की वाइस डीन (एकेडमिक एवं स्टूडेंट अफेयर्स) डॉ. टेरेसा वू; एकेडमिक एवं स्टूडेंट अफेयर्स के वरिष्ठ निदेशक जेरेमी हेल्म; दक्षिण-पूर्व एशिया के एसोसिएट वाइस प्रोवोस्ट, सहायक डीन एवं ग्लोबल आउटरीच एंड एक्सटेंडेड एजुकेशन के कार्यकारी निदेशक जेफरी गॉस; स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के एसोसिएट डीन, मैकेनिकल एवं एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर तथा एएसयू एनर्जी एफिशिएंसी सेंटर के निदेशक डॉ. पैट्रिक फेलन; तथा इरा ए. फुल्टन स्कूल्स ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवं प्रोफेसर काइल स्क्वायर्स भी उपस्थित रहे।

# सिंदूरदान के वक्त दुल्हन ने शादी से किया इनकार, लौटी बारात

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के रमना प्रखंड क्षेत्र में एक शादी समारोह चर्चा का विषय बन गया। दरअसल, जयमाला और अन्य वैवाहिक रस्में पूरी होने के बाद दुल्हन ने सिंदूरदान के दौरान शादी करने से इनकार कर दिया। पूरी रात दोनों पक्षों के परिजन, ग्रामीण व जनप्रतिनिधि लड़की को समझाने में जुटे रहे, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग रही। अंततः दूल्हा पक्ष को बिना दुल्हन के ही बारात वापस लेकर लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, रमना थाना क्षेत्र के बगौंधा टोला निवासी सुखट राम की पुत्री पुष्पा कुमारी की शादी गढ़वा थाना क्षेत्र के जुबैरिया गांव निवासी दशरथ राम उर्फ बसंत राम के पुत्र दीपक कुमार रवि के साथ तय हुई थी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार की रात बारात पूरे गाजे-बाजे के साथ बगौंधा टोला पहुंची। बारात के स्वागत के बाद जयमाला कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इसके बाद विवाह मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शादी की अन्य रस्में भी पूरी करायी गयीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिंदूरदान की रस्म के दौरान जैसे ही दूल्हा दुल्हन की मांग में सिंदूर भरने लगा, तभी दुल्हन पुष्पा कुमारी ने हाथ से सिंदूर हटाते हुए शादी करने से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन के अचानक इस फैसले से विवाह मंडप में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। घटना के बाद दोनों पक्षों के परिजन, रिश्तेदार व ग्रामीण देर रात तक लड़की को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हुई। सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विरंची पासवान समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पूरी रात पंचायत और बातचीत का दौर चलता रहा, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। सुबह होने पर लड़के के पिता दशरथ राम उर्फ बसंत राम ने मामले की सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस हस्तक्षेप के बाद भी लड़की शादी के लिए तैयार नहीं हुई। आखिरकार काफी मशक्कत और निराशा के बाद दूल्हा पक्ष को बिना शादी संपन्न हुए ही बारात वापस ले जानी पड़ी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना रहा।

# एसडीएच नगर ऊंटारी में जल्द शुरू होंगे ऑपरेशन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा सहित जिले के 11 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों, दवा भंडार तथा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। सिविल सर्जन ने दवा स्टोर में उपलब्ध दवाओं एवं आवश्यक सामग्रियों की समीक्षा करते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल परिसर में उपलब्ध सामग्रियों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट से संबंधित व्यवस्थाओं एवं कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की।
सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी में आगामी 10 दिनों के भीतर हर्निया, हाइड्रोसिल, अपेंडिक्स, बच्चेदानी सहित अन्य सर्जरी एवं सिजेरियन सेक्शन की सुविधा शुरू की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर एवं त्वरित उपचार मिल सके। इस दौरान आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त

### मिनी गन फैक्ट्री खुलासा, चार गिरफ्तार

**बोकारो।** पुलिस और एसटीएफ पटना (बिहार) की संयुक्त कार्रवाई में बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाषनगर स्थित सीसीएल क्वार्टर में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मौके से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि फैक्ट्री का संचालक राजकुमार सिंह उर्फ बंटी फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर सुभाषनगर स्थित सीसीएल क्वार्टर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान राजकुमार सिंह उर्फ बंटी के घर में अवैध रूप से देशी हथियार बनाने का कार्य चल रहा था। मौके से पुलिस ने उस्मान अंसारी उर्फ अरमान (देवघर), मो. रिजवान, मो. इम्तियाज तथा संजय कुमार साव उर्फ संजय कुमार गुप्ता (तीनों मुंगेर, बिहार निवासी) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से अवैध देशी हथियार बनाने और विभिन्न राज्यों में सप्लाई करने का काम करते थे।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र में गाय चराने गई एक नाबालिग के साथ तीन युवकों की ओर से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़िता के भाई ने जरमुंडी थाने में कांड दर्ज कराया है। पीड़िता के भाई के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित अनुसंधान करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। नाबालिग के भाई की ओर से दिए गए आवेदन के अनुसार पीड़िता गाय चराने गई थी। इस दौरान पहले से ही घात लगाए बैठे तीन युवक उसे जबरन पास के पहाड़ पर ले गये और बारी बारी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच पीड़िता की मां, बेटी के लिए खाना लेकर पहुंची और बेटी को वहां नहीं पाकर परेशान होने लगी और इधर उधर तलाश की । इसके बाद नाबालिग के माता-पिता एवं अन्य लोगों के जरिये आसपास स्थित पहाड़ पर खोजबीन की गई। पीड़िता का नाम लेकर आवाज लगाने पर पहाड़ से रोने की आवाज सुनाई दी।

# महीनों से राशन का उठाव नहीं करने वालों का कार्ड करें निरस्त : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को मारगोमुण्डा प्रखंड, अंचल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली और जनहित से जुड़ी योजनाओं की धरातलीय स्थिति का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में लंबित शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने म्यूटेशन (दाखिल-खारिज), लगान वसूली, न्यायालय संबंधित मामला, और राजस्व कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही, डोर स्टेप डिलीवरी, राशन उठाव की स्थिति और प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन की भी बारीकी से जांच की गई। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपायुक्त ने पेयजल आपूर्ति और विद्युत व्यवस्था की समस्या पर मंथन भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की कोई किल्लत नहीं हो। खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत व जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया वैसे लोग जो कई महीनों से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर आवश्यक जांच करते हुए उनका नाम डिलीट करे, ताकि जरूरतमंद लोगों का राशनकार्ड बन सके। साथ ही उपायुक्त ने राशन वितरण की स्थिति पर रोष प्रकट करते हुए ससमय उठाव और वितरण का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मारगोमुण्डा के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल की सफाई, दवाओं की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था, और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी के प्रति सजग रहने और अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिया। उपायुक्त ने ओपीडी, इमरजेंसी और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की सक्रियता का निरीक्षण किया। साथ ही जीवन रक्षक दवाओं, आवश्यक चिकित्सा सामग्री और स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता के अलावा चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति देखी गई। निरीक्षण के पश्चात सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया गया, ताकि प्रतिवेदन के आधार पर स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों को दूर करने और उपलब्ध सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू के विद्यार्थियों ने रचा नया कीर्तिमान



**लोहरदगा।** सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 2026 में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकायों में शानदार सफलता प्राप्त की है।
कला संकाय में 119 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें सानिया नाज ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष कुमार ने 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय और सुभांगी सिंह ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें राधा कुमारी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सानिया मेहर ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और गौतम ओबेरॉय ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 20 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। अक्लीमा हैदर ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। प्रियांशु राज ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और अमित कुमार डे ने 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निश्छल मिंज एवं विद्यालय प्रबंधक अरविंद कुमार अमरेश एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

# पेट्रोल-डीजल को लेकर बढ़ी भीड़, पंपों पर लंबी कतारें

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की बचत करने की अपील के बाद कई इलाकों में लोगों ने इसे संभावित संकट से जोड़कर देखना शुरू कर दिया है। इसका असर अब झरिया एवं शहर के कई क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भी साफ दिखाई दे रहा है, जहां अचानक वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी हैं।
पेट्रोल पंप कर्मचारियों के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में इन दिनों तेल की खपत काफी बढ़ गई है। कर्मचारियों ने बताया कि एक टैंकर में कुल 18 हजार लीटर पेट्रोल और डीजल मिलाकर आता है, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण स्टॉक पर दबाव बढ़ने लगा है। कर्मचारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग गैलन, डिब्बा और अन्य कंटेनर लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं। जरूरत से अधिक मात्रा में तेल खरीदकर जमा कर रहे हैं। इससे आम वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। कई बार लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और पंप कर्मचारियों ने आशंका जताई है कि यदि यही स्थिति जारी रही तो काला बाजारी बढ़ सकती है। स्थानीय नागरिकों ने भी लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें, जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल खरीदें और अनावश्यक भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर ईंधन उपलब्ध हो सके।

# लंबित योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करें : संदीप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में विकास योजनाओं, आकांक्षी जिला व आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम, मनरेगा, आवास योजनाओं व पंचायती राज के कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी लंबित योजनाओं को प्राथमिकता पर पूर्ण करने और प्रति गांव योजनाओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।
उपायुक्त ने स्वास्थ्य एवं पोषण इंडीकेटर अंतर्गत प्रसव पूर्व जांच व संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, लिंगानुपात व टीबी नोटिफिकेशन दर में सुधार के निर्देश दिए। क्ष्व्लर मानकों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्थिति की समीक्षा की गई।
आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत किस्को प्रखंड में कम वजन वाले बच्चों की जांच व पोषण ट्रैकर एप पर आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया।
कृषि में बीज वितरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। इस इंडिकेटर में पीएम आवास (ग्रामीण), ग्राम पंचायतों में इंटरनेट व हर घर नल कनेक्शन की समीक्षा कर योजनाएं शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया।

### धनबाद पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में मिलेगा अत्याधुनिक इलाज की सुविधा



**धनबाद।** शहर के मल्टी टास्किंग पाटलीपुत्र हॉस्पिटल, जोड़ा फाटक रोड में कई नई सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की शुरूआत की गई है। पहले से संचालित कार्डियोलॉजी, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी तथा पल्मोनोलॉजी विभाग के साथ अब अस्पताल में गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग एवं ईएनटी जैसी आधुनिक चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।
अस्पताल में शामिल हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों में डॉ. प्रकाश झा (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी एवं लिवर रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रतीक शरण (मूत्र रोग एवं किडनी स्टोन विशेषज्ञ), डॉ. अनामिका वर्मा (फेफड़ा एवं श्वास रोग विशेषज्ञ), डॉ. राहुल कुमार (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. कुणाल किशोर (न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन), डॉ. निखिल ड्रोलिया (हड्डी एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ. विदिशा ड्रोलिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन) और डॉ. जुनैद आलम (ईएनटी एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ) शामिल हैं।

### सराढू पंचायत की वन भूमि पर वेरिएंट कंपनी की कोयला ढुलाई के खिलाफ वन विभाग का कारवाई, हड़कंप

**चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र सराढू राहम पंचायत सिमा स्थित वन भूमि पर ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाकर कोयला ढुलाई करने के मामले में टंडवा वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क पर ट्रेंच काट कर अवरुद्ध (बंद) कर दिया है। यह कार्रवाई चतरा डीएफओ की जांच में मामले का खुलासा होने के बाद निर्देशित करते हुए किया गया है। जानकारी के अनुसार, वेरिएंट कंपनी द्वारा वन भूमि का उपयोग कर ओवरलोड कोयला ढुलाई की जा रही थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी का विरोध करने वालों को भय का माहौल बनाकर तथा अधिकारियों को मैनेज करने की नाम पर लगातार अवैध ढुलाई कर रही थी। मामले की शिकायत आरसीसीएफ से लेकर रांची स्तर तक पहुंचाई गई थी, जिसके बाद वन विभाग हरकत में आई।और चतरा डीएफओ के निर्देश पर टंडवा वन विभाग की टीम ने वन भूमि पर बनाए गए ट्रांसपोर्टिंग मार्ग को बंद कर दिया, ताकि आगे वन भूमि से कोयला परिवहन न हो सके।

# वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों से मिले उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को मधुपुर प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर का दौरा कर आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा खेतों में किए जा रहे कार्यों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं एवं अनुभवों को सुना।
निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने किसानों द्वारा अपनाई गई ड्रिप सिंचाई (टपक सिंचाई) पद्धति की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और कम लागत में अधिक मुनाफे के लिए यह तकनीक बेहद कारगर है। उपायुक्त ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे सब्जी व फल उत्पादन, विशेषकर खीरा, लौकी, बैंगन, मिर्च और स्ट्रॉबेरी की खेती को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। किसानों के उत्साहवर्धन और कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मौके पर ही उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया कि उन्नत तकनीक अपनाने वाले इन कृषकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी और कृषि से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित कराया जाए। उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, आधुनिक कृषि उपकरण और आवश्यक प्रबंधकीय सहयोग प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र में हरित क्रांति को और मजबूती मिल सके। इस दौरान उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, संबंधित अधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

# एसडीएम के साथ कॉफी टेबल पर बैठे नर्सिंग कर्मी, हुआ संवाद

**नर्स का पेशा मानव सेवा और संवेदना का प्रतीक : एसडीएम**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम के तहत बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में संवाद कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडल कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न अस्पतालों एवं संस्थानों से जुड़े 30 से अधिक नर्सिंग कर्मियों ने भाग लिया।
संवाद के दौरान नर्सिंग कर्मियों ने ड्यूटी अवधि, कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों, अस्पतालों में संसाधनों की उपलब्धता, मरीजों एवं परिजनों के साथ समन्वय जैसी विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। कई प्रतिभागियों ने सरकारी अस्पतालों में आधारभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, उपकरणों एवं सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने के सुझाव भी दिए।
कार्यक्रम में 90% से अधिक महिला नर्स पहुंची थी। इन महिला नर्सिंग कर्मियों ने कार्य एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के संतुलन, रात्रि ड्यूटी के दौरान सुरक्षा और कार्यस्थल से जुड़ी अन्य चुनौतियों पर भी अपने विचार रखे। इस दौरान उन्हें अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर रखने का अवसर दिया गया। दौरान प्रीति कुमारी, चंदा भारती, श्वेता कुमारी, अंजू कुमारी, सोना कुमारी, सबीना खातून, सपना कुमारी, नेहा खातून, सुप्रिया कुमारी, शालिनी कुमारी, सपना पटेल, प्रिया कुमारी, निकिता प्रिया, शुभ्रा कुमारी ,प्रियंका कुमारी, सीमांचली , अर्चना, स्नेहा, चांदनी ,अरविंद कुमार, दीपक यादव, जमील अख्तर, रंजू बाला मिंज, नीतू कुमारी, संध्या तिवारी, रीना, पूनम आदि ने विचार व्यक्त किये।

# पुलिस पर गंभीर आरोप : आधी रात घर में घुसकर युवक को उठाने, महिला से अभद्रता और थर्ड डिग्री देने का आरोप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सरायकेला।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। बुधवार को पीड़ित महिला पुतुल गोप ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आदित्यपुर पुलिस और टाइगर मोबाइल के जवानों पर गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना है कि सोमवार देर रात करीब एक बजे थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पुलिसकर्मी बिना वारंट उनके घर में घुस आए और उनके बेटे जिसू गोप को जबरन उठाकर थाने ले गए। पीड़िता के अनुसार, उस समय घर में कोई महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। आरोप है कि घर में घुसने के बाद टाइगर मोबाइल के जवान नीतीश पांडे और राघवेंद्र सिंह ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और छेड़खानी की। महिला ने दावा किया कि पुलिसकर्मियों ने उनसे आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि वे उन्हें खुश कर दें तो उनके बेटे को छोड़ दिया जाएगा। विरोध करने पर परिवार के अन्य सदस्यों को भी धमकाया गया और झूठे केस में फंसाने की चेतावनी दी गई। परिवार का आरोप है कि जिसू गोप को थाने ले जाकर थर्ड डिग्री दी गई।

# इटखोरी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मोबाइल दुकान में हुई 10 लाख की चोरी का खुलासा

**5 अंतरजिला चोर गिरफ्तार, 31 स्मार्टफोन बरामद**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चतरा।** जिले की ईटखोरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महज कुछ ही दिनों के भीतर मोबाइल दुकान में हुई बड़ी चोरी की घटना का पदार्फाश कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने अंतरजिला गिरोह के पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से लाखों रुपये के मोबाइल फोन और चोरी में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई है। मामले की शुरूआत बीते 16 मार्च 2026 को हुई थी। ईटखोरी चट्टी के रहने वाले सूरज कुमार दांगी (पिता- विनोद दांगी) ने ईटखोरी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। वादी ने बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनकी मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर बड़ी संख्या में कीमती स्मार्टफोन और नकद रुपयों की चोरी कर ली है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने ईटखोरी थाना कांड संख्या 28/26 दर्ज किया और जांच शुरू की। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद चतरा पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए एक विशेष रणनीति तैयार की। एसपी के निर्देश पर ईटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। इस टीम में सअनि दुखीराम महतो, सअनि पंकज कुमार और ईटखोरी थाने के सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया। टीम को तकनीकी सेल और गुप्त सूचनाओं के आधार पर अपराधियों तक पहुँचने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पुलिस अधीक्षक को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने इस कांड में संलिप्त कुल पांच अभियुक्तों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए चोरों में शामिल हैं चंदन कुमार भोक्ता (चौपारण, हजारीबाग) दूसरा कामेश्वर कुमार (चौपारण, हजारीबाग) तीसरा रुबेश कुमार (चौपारण, हजारीबाग) चौथा खिरोधर कुमार (चौपारण, हजारीबाग) पांचवा महेश भोक्ता (पत्थलगड्डा, चतरा) ये अपराधी हजारीबाग और चतरा जिले के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय थे और संगठित होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके ठिकानों से चोरी का माल बरामद किया।

# एसपी अनिमेष नैथानी के निर्देश पर चलाए जा रहे एंटी क्राइम अभियान का बड़ा असर

**हंटरगंज पुलिस ने किया अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त, तस्कर गिरफ्तार**

**96 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चतरा।** जिले में अपराध और अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसपी अनिमेष नैथानी द्वारा दिए गए विशेष निदेशों के बाद हंटरगंज पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी सफलता दर्ज की है। हंटरगंज थाना क्षेत्र के पांडेयपूरा मस्जिद के पास चलाए गए एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक ऐसे तस्कर को दबोचा है, जो मोटरसाइकिल से अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप ले जा रहा था।वाहन चेकिंग के बीच पुलिस ने संदिग्ध मोटरसाइकिल जेएच 13 एफ-3586 को रुकवाया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम विजय कुमार (उम्र 30 वर्ष), पिता लखन साव, निवासी धर्मपुर,थाना प्रतापपुर,जिला चतरा बताया। पुलिस को उसके व्यवहार पर शक हुआ,जिसके बाद बाइक सीट पर रखे बोरे की जांच की गई। जांच के दौरान बोरे से चार काटूनों में भरी 375 एम एल की 96 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही अंग्रेजी शराब,एंड्रॉयड मोबाइल और मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त

### खरकाई नदी में डूबने से युवक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के नारगीं गांव में बुधवार को एक हादसे में 24 वर्षीय युवक की खरकाई नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पीलका गांव निवासी सनी टुडू के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सनी टुडू अपने दोस्त गुप्तेश्वर माडीं के घर नारगीं गांव आया हुआ था। वह 16 मई को आयोजित होने वाले डबरा बुरू सेंद्र पर्व मेले में शामिल होने के लिए यहां पहुंचा था। बुधवार को वह अपने पांच दोस्तों के साथ खरकाई नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह अपने साथियों से अलग दिशा में तैरते हुए आगे निकल गया। शुरूआत में उसके दोस्तों को लगा कि सनी आसपास ही होगा, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर सभी चिंतित हो गए। इसके बाद दोस्तों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंच गए और युवक की खोजबीन शुरू की गई।

### जल संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा एडीसी से मिलकर दी आंदोलन की चेतावनी

**पूर्वी सिंहभूम।** जुगसलाई स्थित साफी गंज मुहल्ला में पिछले चार वर्षों से जारी भीषण जल संकट को लेकर लोगों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। बुधवार को झारखंड शहीद ठाकुर जी पाठक वेलफेयर सोसायटी (नेशनल विंग) के बैनर तले मुहल्ला के निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पहुंचा और एडीसी से मुलाकात कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका का घेराव करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सोसायटी के राष्ट्रीय महासचिव और आरएसएस राष्ट्रीय युवा सदस्य चंद्र पाठक ने किया। उनके साथ भाजपा नेता और जल आंदोलनकारी सुबोध झा, जिला सचिव आलोक वाजपेयी, प्रह्लाद पाठक, ओम प्रकाश पाठक, गोलू सोनकर, भीरू, विजय, आकाश और सचिन मौजूद थे।

# विधायक ने सुकना बस्ती में डीप बोरिंग सह पानी टंकी का किया उद्घाटन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने बुधवार को मानगो पेयजल परियोजना के तहत निर्मित बालीगुमा पानी टंकी का निरीक्षण किया। करीब सात वर्ष पूर्व बनकर तैयार हुई इस टंकी में अब तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे विधायक ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से फोन पर बातचीत कर पाइपलाइन कनेक्शन में हो रही देरी की जानकारी ली।

सरयू राय ने कहा कि टंकी निर्माण के समय ही पाइपलाइन पहुंचाने की योजना बनाई गई थी और क्षेत्र में पाइपलाइन भी बिछ चुकी है, लेकिन टंकी तक पानी पहुंचाने का कार्य अधूरा है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने को लेकर विभाग और ठेकेदार के बीच तीन वर्षों तक विवाद चलता रहा। विभाग का कहना था कि एनओसी लेने में करीब 10 लाख रुपये खर्च होंगे, जिसे लेकर दोनों पक्ष जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते रहे। विधायक बनने के बाद उन्होंने छह माह के भीतर एनओसी दिलवाया, लेकिन अब एलाइनमेंट और फ्लाईओवर निर्माण का हवाला देकर कार्य टाला जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एनएचएआई के ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे बने यूटिलिटी सेक्टर का उपयोग करने का सुझाव दिया है। विधायक ने स्पष्ट कहा कि यदि विभागीय इंजीनियर इसी तरह टालमटोल करते रहे तो वह मंत्री और विभागीय सचिव से शिकायत करेंगे। उन्होंने गुरुवार सुबह संबंधित स्थल पर विभागीय अधिकारियों और एनएचएआई प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक बुलाने की बात कही। इसी दौरान विधायक सरयू राय ने बालीगुमा के सुकना बस्ती स्थित काली मंदिर के समीप विधायक निधि से 6 लाख 41 हजार रुपये की लागत से निर्मित डीप बोरिंग सह 5 हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज सिंह, पप्पू सिंह, जदयू नेता नीरज सिंह, संध्या सिंह, अजय कुमार, अमृता मिश्रा, पार्षद राजेश सिंह, रवींद्र सिंह सिसौदिया, विनोद राय, राजू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## चतरा की संघरी घाटी में काल बनी रफ्तार : ब्रेक फेल होने से दो ट्रकों में भीषण भिड़ंत



**चतरा।** जिले की संघरी घाटी एक बार फिर मौतों की घाटी साबित हुई है। यहाँ एक भीषण सड़क हादसे में दो भारी ट्रकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में चालक और उपचालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा इतना खौफनाक था कि पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का केबिन पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला है।चतरा-हजारीबाग मार्ग पर स्थित संघरी घाटी में सोमवार को उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब आयरन (लोहा) लदे दो ट्रक आपस में टकरा गए। जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रक पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से लोहा लादकर बिहार के बक्सर और उत्तर प्रदेश के बलिया की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ट्रक घाटी से नीचे उतर रहे थे, तभी पीछे चल रहे ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने के कारण ढलान पर ट्रक की रफ्तार बेकाबू हो गई और उसने अपने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगे वाला ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया, जबकि पीछे वाले ट्रक का अगला हिस्सा (केबिन) बुरी तरह पिचक गया। केबिन के भीतर बैठे चालक और उपचालक को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घंटों तक मृतकों की पहचान को लेकर सस्पेंस बना रहा, लेकिन पुलिस की जांच और परिजनों के पहुँचने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई। मृतक चालक की पहचान बैजू कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार के बक्सर जिला अंतर्गत डुमरांव थाना क्षेत्र के कुशलपुर गांव का रहने वाला था। वहीं, उपचालक की पहचान सचिन कुमार के रूप में हुई है, जो बक्सर जिले के ही पौनी गांव का निवासी था। मृतक चालक के भाई विमलेश यादव ने बताया कि ये लोग दुर्गापुर से आयरन लोड कर यूपी के बलिया के लिए निकले थे। उन्हें क्या पता था कि संघरी घाटी की ढलान उनके जीवन की अंतिम यात्रा साबित होगी। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद केबिन में फंसे शवों को बाहर निकाला। सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, हमें सूचना मिली थी कि संघरी घाटी में दो ट्रकों के बीच भिड़ंत हुई है। मौके पर पहुँचकर देखा गया कि चालक और उपचालक की मौत हो चुकी थी। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।संघरी घाटी में लगातार हो रहे ये हादसे प्रशासन के दावों और सड़क सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करते हैं। फिलहाल, बक्सर में मृतकों के घरों में मातम पसरा हुआ है और परिजन शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की प्रक्रिया में जुटे हैं।

## आधुनिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने किया शिलान्यास

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बागुनहातु स्थित आउटर रोड पर बुधवार को 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य प्रक्षेत्र) मद से 1 करोड़ 42 लाख 99 हजार 848 रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक पूर्णिमा साहू ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, सांसद के पूर्वी विधानसभा प्रतिनिधि चंद्रशेखर मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस प्रस्तावित स्वास्थ्य केंद्र में 10 बेड का इमरजेंसी वार्ड, डॉक्टर चैंबर, पैथोलॉजी लैब, मेडिसिन रूम, पुरुष एवं महिला वार्ड, लेबर रूम, इंजेक्शन रूम, फामेर्सी, नर्स रूम, स्टोर रूम एवं प्रतीक्षालय जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि लोगों को घर के नजदीक बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पश्चिमी सिंहभूम।** नीट-2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने बुधवार को चाईबासा में विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अनीष गोप ने कहा कि नीट-2026 परीक्षा में पेपर लीक की घटना से देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों की मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने कहा कि कई परिवारों ने आर्थिक परेशानियों के बावजूद बच्चों की पढ़ाई और कोचिंग पर भारी खर्च किया था, लेकिन परीक्षा रद्द होने से छात्रों में निराशा और आक्रोश है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय ने कहा कि नीट परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए ) की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी की कार्यप्रणाली पहले भी सवालों के घेरे में रही है और कई परीक्षाएं पेपर लीक तथा नकल के कारण रद्द हो चुकी हैं।

## नीट परीक्षा विवाद पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



**पूर्वी सिंहभूम।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में बुधवार को भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने साकची गोलचक्कर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने लाखों छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की कमी के कारण छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सही तरीके से संचालित करने में असफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि देशभर के छात्र मेहनत और उम्मीद के साथ परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत पर पानी फेरने का काम करती हैं। युवा कांग्रेस इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। नवनीत मिश्रा ने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा के लिए युवा कांग्रेस का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी।

## आनंद मार्ग महिला विभाग का पांच दिवसीय बालिका स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के महिला विभाग की ओर से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान को केंद्र में रखते हुए पांच दिवसीय बालिका स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 14 मई से 18 मई 2026 तक आनंद मार्ग जागृति, बाबा क्वार्टर गदरा, टाटानगर में आयोजित होगा। शिविर में केवल महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मरक्षा, अनुशासन, सेवा भावना और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करना है। शिविर के दौरान योग, ध्यान, प्राणायाम, शारीरिक प्रशिक्षण, नैतिक शिक्षा तथा सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी सुनील आंनद ने बुधवार को दी। सुनील आनंद ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर की मुख्य प्रशिक्षक अवधुतिका आनंद प्रसन्न आचार्या होंगी, जो प्रतिभागियों को आध्यात्मिक जीवन शैली एवं स्वयंसेवक प्रशिक्षण की विभिन्न विधाओं से अवगत कराएंगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाली बालिकाओं और महिलाओं को आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं समाज सेवा की भावना विकसित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आनंद मार्ग प्रचारक संघ का मूल मंत्र आत्म मोक्षार्थम् जगत हिताय च अर्थात आत्म कल्याण और विश्व के हित के लिए है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। संघ के महिला विभाग ने अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं से शिविर में भाग लेने की अपील की है।

# टाटा मेन हॉस्पिटल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह आयोजित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा मेन हॉस्पिटल द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2026 का भव्य आयोजन 12 मई को सोनारी स्थित बिंदाल मॉल में उत्साह, सम्मान और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सों की समर्पित सेवा, करुणा, पेशेवर दक्षता और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करना था। इस वर्ष समारोह की थीम आवर नर्सेस, आवर फ्यूचर, एम्पावर्ड नर्सेस सेव लाइव्स रखी गई थी, जिसमें सशक्त नर्सों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला बताया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा घोषणा और आकर्षक उद्घाटन नृत्य प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद नर्सिंग हेड सुश्री अनंतवषेर्णी ने स्वागत भाषण देते हुए समारोह की थीम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी शिक्षा, नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता तथा सेवा भावना मरीजों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। उन्होंने नर्सिंग पेशे को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए सभी नर्सिंग कर्मियों की सराहना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स अक्षय खल्लर उपस्थित रहे। उनके साथ जीएमएमएस डॉ. विनीता सिंह तथा टाटा वर्कर्स यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं ने नर्सिंग समुदाय की सेवा भावना, समर्पण और कठिन परिस्थितियों में भी मरीजों के प्रति उनकी जिम्मेदारी की सराहना की। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, समूह नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से नर्सों के योगदान, मानवीय संवेदनाओं और स्वास्थ्य सेवा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभी नर्सिंग कर्मियों, अतिथियों और आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण और नर्सिंग समुदाय के प्रति सम्मान की भावना के साथ हुआ।

# झारखंड सरकार के सहयोग बिना विस्थापन समस्या का समाधान नहीं : सतीश चंद्र दुबे

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**धनबाद।** दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बेलगड़िया में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि झारखंड सरकार के सहयोग के बिना विस्थापन की समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में विस्थापन का मुद्दा है, वहां गैस रिसाव और भू-धंसान जैसी गंभीर समस्याएं मौजूद हैं। ऐसे में जब भी किसी प्रकार की दुर्घटना या नुकसान होता है तो भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाता है। मंत्री ने केंदुआडीह सहित अन्य भू-धंसान और गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों की जान सबसे पहले है। मंत्री ने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप में झरिया मास्टर प्लान 2.0 के तहत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही पुनर्वासित परिवारों को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संपादकीय

### बढ़ता सामरिक खतरा

**भारत** के सामने सुरक्षा चुनौतियां लगातार जटिल होती जा रही हैं। एक ओर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की समस्या है, तो दूसरी ओर चीन का बढ़ता हस्तक्षेप नई चिंताओं को जन्म दे रहा है। हाल ही में चीन द्वारा यह स्वीकार करना कि उसने पिछले वर्ष भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई थी, कई गंभीर सवाल खड़े करता है। यह स्वीकारोक्ति केवल एक बयान नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ बन रहे एक बड़े सामरिक गठबंधन का संकेत है। अब तक चीन दुनिया के सामने स्वयं को तटस्थ दिखाने की कोशिश करता रहा। वह भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को द्विपक्षीय मामला बताकर अपनी भूमिका से इंकार करता रहा था। लेकिन अब यह साफ हो गया है कि चीन पर्दे के पीछे पाकिस्तान को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत की सुरक्षा चुनौतियां अब केवल पश्चिमी सीमा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उत्तरी सीमा से भी समान रूप से खतरा बना हुआ है। चीन और पाकिस्तान की दोस्ती वर्षों पुरानी है, लेकिन हाल के वर्षों में यह संबंध अधिक रणनीतिक और सैन्य सहयोग में बदल गया है। चीन पाकिस्तान को आधुनिक हथियार, लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली और निगरानी तकनीक लगातार उपलब्ध करा रहा है। पाकिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था के बावजूद उसकी सैन्य ताकत का टिके रहना काफी हद तक चीन की मदद पर निर्भर है। यही कारण है कि हर बार भारत-पाक तनाव बढ़ने पर चीन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा दिखाई देता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इस कार्रवाई से दुनिया को यह संदेश गया कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति अपनाने से पीछे नहीं हटेगा। लेकिन इसी दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान को तकनीकी सहायता देना यह दशार्ता है कि वह भारत की सैन्य गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखे हुए था। उपग्रहों और आधुनिक तकनीक के जरिए भारतीय सैन्य तैनाती की जानकारी साझा करना किसी सामान्य सहयोग का हिस्सा नहीं माना जा सकता। चीन की रणनीति केवल पाकिस्तान को मजबूत करना नहीं है, बल्कि वह भारत की सैन्य क्षमताओं का आकलन भी करना चाहता है। भारत-पाक तनाव उसके लिए अपने हथियारों और तकनीक को परखने का अवसर बन गया है। चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल और अब पाकिस्तान को जे-35 विमान देने की तैयारी इस ओर संकेत करती है कि वह दक्षिण एशिया को अपने सैन्य उत्पादों के प्रदर्शन मंच के रूप में देख रहा है।

# होर्मुज की बारूदी लड़ाई और डाल्फिनों का सैन्य इस्तेमाल

**पुष्परंजन**



होर्मुज जलमार्ग में ईरान द्वारा बिछाई बारूदी सुरंगों की खोज और उन्हें निष्क्रिय करने में अमेरिका क्या कामिकाजे डाल्फिन का इस्तेमाल कर रहा है? हाल ही में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जब यह पूछा गया, तो वे चुप लगा गए और सिर्फ इतना बोल सके कि न तो हम इसकी पुष्टि करेंगे और न ही इससे इनकार करेंगे कि हमारे पास कामिकाजे डाल्फिन हैं। होर्मुज में ईरान भी कामिकाजे डाल्फिन का इस्तेमाल कर सकता है। इस मामले में ईरान का सैन्य सहयोगी रूस उसके साथ खड़ा है। दरअसल, कामिकाजे द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी पायलट थे, जो अपने विमानों को मित्र देशों के युद्धपोतों से टकराकर आत्मघाती हमले करते थे। शीत युद्ध के दौरान, सोवियत नौसेना ने समुद्री जीवों से जुड़े कई कार्यक्रम शुरू किए थे, जिनमें काला सागर में डाल्फिन को प्रशिक्षण देना भी शामिल था। यह इकाई सेवस्तोपोल के पास कजाच्या बुख्ता में स्थित थी और आज भी वहीं मौजूद है। मौजूदा दौर में चूंकि ईरान की मदद रूस अप्रत्यक्ष रूप से कर रहा है, इसलिए उस पर अमेरिकी एजंसियों को शक होना लाजिमी है। डाल्फिन ही एकमात्र समुद्री जीव नहीं हैं, जिन्हें रूस ने प्रशिक्षण दिया हो। वर्ष 2019 में नार्वे के तट पर देखी गई एक बेलुगा ह्वेल के बारे में माना गया था कि उसे रूसी नौसेना ने प्रशिक्षण दिया था। मछुआरों का कहना था कि बेलुगा ह्वेल ने अजीब तरह की हार्नेस पहन रखी थी, जिसमें शायद कैमरे लगे थे और वह उनकी नावों से बंधी पट्टियों और रस्सियों को खींच रही थी। अमेरिकी नौसेना के पास भी बारूदी सुरंगों का पता लगाने में मदद के लिए डाल्फिन को प्रशिक्षित करने का एक कार्यक्रम दशकों पुराना है। मनुष्यों का आंतरिक बुद्धिमत्ता स्तर यानी आइक्यू 7.4 के साथ सबसे अधिक है, लेकिन बाटल-नेक डाल्फिन की आंतरिक बुद्धिमत्ता स्तर 5.3 है, जो अन्य सभी जीवों की तुलना में काफी अधिक है। कैलिफोर्निया सी लायन भी कम नहीं है, जिसने बुद्धिमत्ता परीक्षण में इंसानों को पीछे छोड़ा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांताक्रूज प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों ने इस सील प्रजाति वाली मछली के परीक्षण के लिए कई परीक्षण-प्रारूप तैयार किए थे। आखिर डाल्फिन के साथ-साथ कैलिफोर्निया सी लायन को भी नौसैनिक अभियानों और जल खुफियागिरी जैसे कार्यों के लिए चुना गया।

*अमेरिका का मरीन मैमल प्रोग्राम प्रशांत महासागर में अवस्थित नेवल इन्फार्मेशन वारफेयर सेंटर का अहम हिस्सा है। वे शायद झूठ बोलते हैं कि इस महकमे की डाल्फिन कामिकाजे डाल्फिन नहीं हैं, क्योंकि वे बारूदी सुरंगों को उड़ाने के लिए अपनी जान की कुबार्नी नहीं देती हैं। इसके बजाय उनका मुख्य काम बारूदी सुरंगों का पता लगाना है। फौजी मकसद के लिए डाल्फिन का इस्तेमाल करने वाला अमेरिका अकेला देश नहीं है। रूस ने भी अपने बंदरगाहों की रखवाली के लिए इनका इस्तेमाल किया है। ईरान ने साल 2000 में रूस से डाल्फिन खरीदी थी। वे प्रशिक्षित डाल्फिन शायद बहुत बूढ़ी हो चुकी होंगी। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि ईरान के पास कोई सक्रिय डाल्फिन कार्यक्रम है। हालांकि वाल स्ट्रीट जर्नल ने पिछले महीने एक खबर दी थी कि ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोलने की अमेरिकी कोशिशों का मुकाबला करने के लिए बारूदी सुरंगें ले जाने वाली डाल्फिन के इस्तेमाल पर विचार कर रहा था।*

अमेरिका का मरीन मैमल प्रोग्राम प्रशांत महासागर में अवस्थित नेवल इन्फार्मेशन वारफेयर सेंटर का अहम हिस्सा है। वे शायद झूठ बोलते हैं कि इस महकमे की डाल्फिन कामिकाजे डाल्फिन नहीं हैं, क्योंकि वे बारूदी सुरंगों को उड़ाने के लिए अपनी जान की कुबार्नी नहीं देती हैं। इसके बजाय उनका मुख्य काम बारूदी सुरंगों का पता लगाना है। फौजी मकसद के लिए डाल्फिन का इस्तेमाल करने वाला अमेरिका अकेला देश नहीं है। रूस ने भी अपने बंदरगाहों की रखवाली के लिए इनका इस्तेमाल किया है। ईरान ने साल 2000 में रूस से डाल्फिन खरीदी थी। वे प्रशिक्षित डाल्फिन शायद बहुत बूढ़ी हो चुकी होंगी। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि ईरान के पास कोई सक्रिय डाल्फिन कार्यक्रम है। हालांकि वाल स्ट्रीट जर्नल ने पिछले महीने एक खबर दी थी कि ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोलने की अमेरिकी कोशिशों का मुकाबला करने के लिए बारूदी सुरंगें ले जाने वाली डाल्फिन के इस्तेमाल पर विचार कर रहा था।

अमेरिकी नौसेना का डाल्फिन कार्यक्रम 1959 से चल रहा है, जिसका मकसद बाटल-नोज डाल्फिन और कैलिफोर्निया सी लायन्स को पानी के नीचे की चीजों का पता लगाने और उन्हें वापस लाने का प्रशिक्षण देना है। मरीन मैमल प्रोग्राम के वेबपेज के मुताबिक, प्रशिक्षित डाल्फिन के पास सबसे उन्नत सोनार होता है। पानी के नीचे चलने वाले ड्रोन इन जीवों का मुकाबला नहीं कर सकते। यह भी एक तथ्य है कि डाल्फिन और समुद्री शेरों, दोनों की कम रोशनी में देखने की क्षमता और पानी के भीतर दिशात्मक श्रवण शक्ति उत्कृष्ट होती है, जिससे वे अंधेरे या धुंधले पानी में भी पानी के नीचे के लक्ष्यों का पता लगा सकते हैं और उनका पीछा कर सकते हैं। डाल्फिन को पानी के नीचे बिछी उन खानों का पता लगाने और उनके स्थान को चिह्नित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जो सैन्य या नागरिक जहाजों पर सवार लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं। समुद्र में बारूदी सुरंगों का पता लगाने वाले अभियान के दौरान एक डाल्फिन आमतौर पर एक छोटी नाव में दो-तीन प्र्शिक्षकों के साथ यात्रा करती है। कुछ मिलने पर ये जीव नाव के आगे वाले चप्पू को थपथपाते हैं और कुछ न मिलने पर पीछे वाले चप्पू को थपथपाते हैं। डाल्फिन खोजी गई खानों के पास मार्कर बुआ छोड़ती हैं, ताकि मानव गोताखोर उन्हें ढूंढ़कर निष्क्रिय कर सकें, लेकिन डाल्फिन का उपयोग आमतौर पर होर्मुज जलमार्ग में मौजूद सक्रिय युद्ध जैसी स्थिति में नहीं किया जाता है। इसके बजाय डाल्फिन का उपयोग लड़ाई समाप्त होने के बाद बारूदी सुरंगों का पता लगाने के लिए किया जा सकता है। इस संदर्भ में विशेष रूप से 2003 की उस घटना का उल्लेख किया जाता है, जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा दक्षिणी इराक पर कब्जा करने के बाद इराकी बंदरगाह उम कसर की ओर जाने वाली किसी भी बारूदी सुरंग का पता लगाने के लिए डाल्फिन को तैनात किया गया था।

सैन्य उद्देश्यों के लिए डाल्फिन को प्रशिक्षित करने का रूसी इतिहास जबरदस्त रहा है। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद यह इकाई यूक्रेन की सेना के अधीन चली गई। सेवस्तोपोल कार्यक्रम को 2012 में यूक्रेनी नौसेना द्वारा फिर से शुरू किया गया था। यूक्रेन ने सेवस्तोपोल के पास एक एक्वेरियम में डाल्फिन को प्रशिक्षित किया था। यह कार्यक्रम सोवियत-युग की एक योजना से प्रेरित था, जो 1990 के दशक में उपेक्षा का शिकार हो गया था। सेवस्तोपोल नौसैनिक अड्डा रूसी सेना के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्रीमिया के दक्षिणी छोर पर स्थित है, जिस पर मास्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। यूक्रेन ने इन जीवों को वापस करने की मांग की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। दो साल बाद रूसी नौसेना ने पांच और डाल्फिन खरीदने की योजना की घोषणा की। यह स्पष्ट नहीं है कि आज सेवस्तोपोल में मौजूद मानी जाने वाली डाल्फिन वही हैं या नहीं। वर्ष 2018 की उपग्रह तस्वीरों से पता चला कि रूस ने सीरियाई युद्ध के दौरान सीरिया के टार्टस में अपने नौसैनिक अड्डे पर भी डाल्फिन का इस्तेमाल किया था। इस मसले पर सबसे अफसोसनाक है कि महाशक्तियों ने अपनी युद्ध महत्त्वाकांक्षा के लिए मछलियों को भी नहीं बख्शा। इसे रोकने के लिए दुनिया के देश आगे क्यों नहीं आते? हालांकि पशु कल्याण संगठनों ने हमेशा सैन्य उद्देश्यों के लिए जानवरों के उपयोग पर चिंता जताई है, लेकिन यह विरोध आमतौर पर युद्ध के समय अन्य चिंता के कारण दब जाता है। अक्सर इन जीवों के सैन्य उपयोग से संबंधित जानकारी गोपनीय होती है, जिसके कारण सार्वजनिक विरोध का दायरा सीमित हो जाता है।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# उपलब्धि के दावों के बीच क्या सचमुच हो रहा खादी का विस्तार?

**कुमार सिद्धार्थ**

खादी इन दिनों फिर चर्चा में है। उपलब्धियों के दावे हैं, बढ़ते कारोबार के आंकड़े हैं, और एक नई चमक भी है। लेकिन इसी चमक के बीच एक असहज प्रश्न लगातार उपस्थित है, क्या यह विकास खादी का है या खादी के नाम पर विस्तृत होते बाजार का? पिछले वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग के विस्तार को एक बड़ी आर्थिक सफलता के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2024-25 का कुल कारोबार 1.70 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। उत्पादन, बिक्री और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि के दावे किए गए हैं। यह तस्वीर प्रभावशाली है। परंतु जब हम इन आंकड़ों की तह में जाते हैं, तो एक अलग यथार्थ सामने आता है। कुल कारोबार में खादी वस्त्रों की हिस्सेदारी लगभग 7,145 करोड़ रुपए है यानी करीब 4 प्रतिशत। शेष 96 प्रतिशत हिस्सा ग्रामोद्योग की अन्य गतिविधियों का है। यहां से प्रश्न उठता है कि क्या हम खादी की सफलता का उत्सव मना रहे हैं या ग्रामोद्योग के विस्तार को खादी के नाम से देख रहे हैं? खादी अब सस्ती और सर्वसुलभ नहीं रही। उसकी कीमतें बढ़ गई हैं। आम उपभोक्ता के लिए उनकी पहुंच से दूर होती जा रही है। जो वस्त्र कभी किसान और मजदूर की पहचान था, वह अब एक विशेष वर्ग का परिधान बनता दिखता है। यह बदलाव केवल उपभोग का नहीं, बल्कि सामाजिक चरित्र का भी संकेत है। इसका प्रभाव खादी की संस्थागत संरचना पर भी पड़ा है। देश भर में सैकड़ों खादी संस्थाएं दशकों से इस परंपरा को जीवित रखे हुए थीं। ये संस्थाएं केवल उत्पादन केंद्र नहीं थीं, बल्कि ग्रामीण समाज के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का आधार थीं। आज इन संस्थाओं की



स्थिति चिंताजनक है। कई संस्थाएं वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। कच्चे माल की लागत बढ़ी है, भुगतान में देरी होती है, और कार्यशील पूंजी का अभाव उत्पादन को सीमित करता है। सरकारी योजनाएं मौजूद हैं, पर उनकी प्रक्रिया जटिल है। समय पर सहायता न मिलने से संस्थाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। आंकड़ों में रोजगार का आंकड़ा लगभग 1.94 करोड़ बताया जाता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि इनमें कितने लोग स्थायी और पूर्णकालिक रोजगार में हैं। बड़ी संख्या असंगठित और अंशकालिक हो सकती है। कारीगर की आय आज भी अनिश्चित और सीमित है।

कई बुनकर और कत्तिन नियमित और पर्याप्त आय से वंचित हैं। यहीं खादी की सफलता का दावा कमजोर पड़ता है। यदि उत्पादन बढ़ता है, बिक्री बढ़ती है, पर कारीगर की स्थिति नहीं बदलती, तो यह विकास अधूरा है। इसी संदर्भ में सूत उत्पादन और चरखों की स्थिति पर भी ध्यान देना जरूरी है। खादी की पूरी प्रक्रिया की शुरूआत सूत कातने से होती है। चरखा इस व्यवस्था की मूल इकाई है। लेकिन आज कई क्षेत्रों में चरखे या तो कम हो गए हैं या निष्क्रिय पड़े हैं। हाथ से काते सूत की जगह मशीन निर्मित धागे का उपयोग बढ़ रहा है। इससे खादी की मूल पहचान प्रभावित होती है। एक और गंभीर चुनौती खादी की पहचान को लेकर है। बाजार में खादी लुक और हैंडस्पन स्टाइल जैसे शब्दों के साथ मशीन निर्मित कपड़े बेचे जा रहे हैं। इससे उपभोक्ता भ्रमित होता है और असली खादी को नुकसान होता है। पारंपरिक खादी संस्थाएं इस दोहरी मार का सामना कर रही हैं एक ओर बाजार की प्रतिस्पर्धा, दूसरी ओर पहचान का संकट। खादी की सफलता की असली कसौटी यह नहीं है कि उसका कारोबार कितना बढ़ा। असली कसौटी यह है कि क्या उसने गांवों में स्थायी रोजगार पैदा किया, क्या उसने कारीगर को सम्मानजनक जीवन दिया और क्या उसने आत्मनिर्भरता के उस विचार को मजबूत किया, जिसकी नींव गांधीजी ने रखी थी। यदि खादी वस्त्र कुल कारोबार का केवल 4 प्रतिशत है, तो यह संकेत है कि खादी का मूल क्षेत्र अभी भी कमजोर है। इसलिए आवश्यक है कि खादी और ग्रामोद्योग के बीच स्पष्ट अंतर समझा जाए। दोनों का विकास जरूरी है, पर उन्हें एक-दूसरे का पर्याय मानना खादी के विचार के साथ न्याय नहीं करता। नीतिगत स्तर पर खादी संस्थाओं को केंद्र में रखना होगा। वित्तीय सहायता को सरल और समयबद्ध बनाना होगा। पारंपरिक कारीगरों को बाजार से जोड़ने के लिए ठोस उपाय करने होंगे।

**– लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**14 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.27 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.25 बजे से |
| मंगल | मेष में | कर्क | 09.38 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.55 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.06 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.17 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.32 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 20.48 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 22.53 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 00.39 बजे से |
| | | मीन | 02.12 बजे से |
| | | मेष | 03.43 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 134 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी 11.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 22.34 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 17.53 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.21 बजे तदनन्तर गर 22.01 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 35'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872709
**जूलियन दिन** 2461174.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 26
**विशेष** गुरु प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8860

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | 4 | 5 |
| | | 6 | | | 7 | 8 | | |
| 9 | 10 | | | 11 | | 12 | 13 | |
| | | | 14 | | 15 | | | |
| 16 | | | | | 17 | | | |
| | | | 18 | 19 | | | | |
| 20 | | 21 | | | | 22 | | 23 |
| | | 24 | 25 | | 26 | | | |
| 27 | | | | | | | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1.उचित,गलत का विलोम-2
4.अधिकार-2
6.परछाई-2
7.सम्मान,प्रसिद्धि-2
9.उल्टी,कै,वमन-3
12.रंग (अंग्रेजी)-3
14.चंचल,फुर्तीला-3
16.भयभीत होना-4
17.फुर्तीलापन-4
18.बसंत काल-3
20.भ्रम,वहम-3
22.आश्रय,शरण-3
24.राजनीतिक पार्टी-2
26.शारीरिक ऊंचाई-2
27.गन्ना-2
28.शाखा,टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1.नमस्ते,आदाब-3
2.देह,बदन,तन-2
3.शराब,मदिरा-2
5.डोली उठानेवाले-3
6.पत्नी की छोटी बहन -2
8.वहम,संदेह-2
10.जरूरतमंद-5
11.नाग,सर्प-2
13.आनंदित होना -5
14.भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15.ढीला,सुस्त-3
19.नुकसान,घाटा-2
20.सद्कार्य-3
21.नशा,सरुर,खुमार-2
22.ओहदा -2
23.भवन,कोठी-3
25.क्षण,पल-2
26.कलिका,फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -8859 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | वा | दा |
| म | ■ | ■ | व | र | दा | न | ■ | ला |
| ला | य | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | मी | ■ | रॉ | की | ■ | ■ |
| सू | र | त | ■ | आ | ■ | न | स्त | र |
| री | ■ | ब | ह | का | ना | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | टा | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | वा | ना | ■ | क | ल | म | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7794** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7793 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# उल्टे होकर शिल्पा ने बताए योग के फायदे

## • साथ ही स्लिप डिस्क और बीपी के मरीजों को दी चेतावनी

**अभिनेत्री** शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की उन डीवास में शुमार है, जो अपनी सेहत को लेकर काफी जागरुक रहती हैं। उन्होंने सोमवार को योग करने के साथ-साथ महिलाओं को आवश्यक जानकारी दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शिल्पा उल्टा योगा पोज करती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री बहुत ही बारीकी और कंट्रोल के साथ यह पोज करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के जरिए उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपने पीरियड्स के दौरान कुछ खास एक्सरसाइज और उल्टे पोज करने से बचना चाहिए। शिल्पा ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'हर योग मुद्रा आपको शरीर और मन दोनों से मजबूत और लचीला बनाता है। उन्होंने पोज के फायदे बताते हुए लिखा, 'इसके नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार बेहतर होता है, थायरॉइड और पैराथायरॉइड ग्रंथियां सक्रिय होती हैं। साथ ही, तनाव और चिंता कम करने में मदद मिलती है। पाचन बेहतर होता है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक आती है। गर्दन, कंधे और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में योगासन के फायदे बताने के बाद इससे जुड़ी सावधानियों पर बताई। उन्होंने लिखा, 'अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, ग्लूकोमा, गर्दन दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या है, तो यह आसन न करें। महिलाएं मासिक धर्म के दौरान इस आसन से बचें। आयुष मंत्रालय के सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार, 'उल्टा योगा पोज' या इनवर्जन के अंतर्गत मुख्य रूप से सर्वांगासन और विपरीतकरणी को शामिल किया जाता है।

### 32 साल बाद वहीं पहुंचे अनुपम खेर

# जहां शूट हुआ था 'डीडीएलजे' का 'जा सिमरन जा...' वाला फेमस सीन



**अनुपम** खेर ने डीडीएलजे के वायरल सीन 'जा सिमरन जा जी ले अपनी जिंदगी' को याद किया। अभिनेता उसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां यह फिल्माया गया था। अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की।



## 32 साल बाद फिर वहीं शूटिंग करने पहुंचे अनुपम खेर

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था। यहां फिल्म का लास्ट 'जा सिमरन जा जी ले अपनी जिंदी' वाला आइकॉनिक सीन शूट हुआ था। जिसके बाद सिमरन (काजोल) प्लेटफॉर्म पर दौड़ते हुए राज (शाहरुख खान) का हाथ पकड़कर ट्रेन पर चढ़ती है। इसके साथ अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा '32 साल बाद उसी जगह पर शूटिंग करना एक बेहद भावुक और यादगार अनुभव था, जहां हमने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का राज और सिमरन का मशहूर सीन फिल्माया था। यकीन ही नहीं होता कि इतने साल बीत गए हैं।'



### सुकेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने

# जैकलीन के सरकारी गवाह बनने का किया विरोध

**महाठग** सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस को बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने की अर्जी का कड़ा विरोध किया है। दूसरी ओर, पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडीस के वकील को ईडी के जवाब पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 12 मई को होगी। ईडी ने कोर्ट को बताया कि अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस ने जांच के दौरान सहयोग नहीं किया था और उनका आचरण संतोषजनक नहीं रहा था। उन्होंने पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज अपने बयानों में पूर्ण और सही खुलासा करने में लगातार विफलता दिखाई। ईडी ने कहा कि जैकलीन फर्नांडीस ने सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक इतिहास की जानकारी होने के बाद भी उनके साथ नियमित और लगातार संपर्क बनाए रखा, जिसने मनी लॉन्ड्रिंग से होने वाली अपराध की आय में से जैकलीन को गिफ्ट और अन्य सामान दिलाए। सुकेश चंद्रशेखर पर 200 करोड़ रुपए की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। इस हाई-प्रोफाइल केस में जैकलीन फर्नांडिस का नाम तब सामने आया था, जब जांच एजेंसी ने दावा किया कि सुकेश ने ठगी के पैसों से जैकलीन को कई महंगे गिफ्ट्स दिए थे। इसी आधार पर ईडी ने उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया था।

जैकलीन ने हाल ही में कोर्ट में अर्जी दाखिल कर यह इच्छा जताई थी कि वह इस मामले में सरकारी गवाह बनना चाहती हैं और जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ईडी ने उनके इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि फिलहाल उनकी अर्जी को स्वीकार करने का कोई ठोस आधार नहीं दिखता।






## अभिषेक बच्चन ने राजा शिवाजी के लिए क्यों नहीं मांगी फीस? बोले-

# कला दिल से शुरू होती है

**रितेश** देशमुख की राजा शिवाजी के लिए अभिषेक बच्चन ने कोई भी फीस चार्ज नहीं की. अब एक्टर ने इसपर रिएक्ट किया है. रितेश देशमुख ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि सलमान खान, विद्या बालन और अभिषेक बच्चन जैसे कई सितारों ने फिल्म राजा शिवाजी के लिए एक भी रुपये चार्ज नहीं किए. अब अभिषेक बच्चन ने उन लोगों को फटकार लगाई है, जो सोशल मीडिया पर फीस के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं. अभिषेक बच्चन ने बात करते हुए कहा, 'आजकल, हर जगह ऐसी रीलें चलती रहती हैं, जिनमें लोग तथ्यों और आंकड़ों की बात करते हैं. मीडिया को किसी अभिनेता या अभिनेत्री की मोटी फीस लेने और इतनी सारी वैन की मांग करने की बातें करना बहुत पसंद है, लेकिन अंततः यह एक कला है, जो दिल से शुरू होती है. उन्होंने कहा कि जब किसी प्रोजेक्ट पर सच्चा विश्वास होता है, तो पैसे और सुविधाएं मायने नहीं रखतीं. उनके लिए अभिनय सिर्फ एक सौदा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है. प्रेरणा ही कला की असली शुरुआत होती है. उन्होंने रितेश और जेनेलिया देशमुख की तारीफ करते हुए कहा कि आज के दौर में जहां फिल्मों को सिर्फ बॉक्स ऑफिस और आंकड़ों से जोड़ा जाता है, वहीं दोनों ने साबित किया कि हर चीज नंबरों से नहीं मापी जाती. उनके लिए यह फिल्म सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं थी, बल्कि एक खास और भावनात्मक अनुभव था, जिसे वे पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ बना रहे थे.

# चिरैया को मिल रही प्रतिक्रिया पर दिव्या दत्ता बोलीं—हर लड़की खुद को इस कहानी से जोड़ पा रही है

**अभिनेत्री** दिव्या दत्ता इन दिनों वेब सीरीज 'चिरैया' को लेकर वाहवाही बटोर रही हैं। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 6-एपिसोड की सीरीज मैरिटल रेप (वैवाहिक बलात्कार) और वैवाहिक दुर्व्यवहार जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के बाद से अपनी शानदार कहानी को लेकर वाहवाही बटोर रही है और सभी कलाकारों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। अभिनेत्री दिव्या दत्ता का कहना है कि यह एक ऐसी सीरीज है, जिससे हर लड़की अपने आपको जोड़ पा रही है।



अभिनेत्री ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पॉडकास्ट का वीडियो शेयर किया। इसमें वे कहती हैं, 'हर कोई चिरैया देख रहा है। अभी हाल ही में मेरी मुलाकात एक मां से हुई, जिसे चिरैया देखने के बाद अपनी बेटी के ससुराल वालों से बोलने की हिम्मत मिली है। अभिनेत्री ने उस महिला का वाक्य बताते हुए कहा, 'जहां मैं योगा करने जाती हूं, वहां पर एक महिला मेरे पास आई और बोली कि क्या मैं आपसे कुछ बात कर सकती हूं, तो मैंने सोचा, योगा के बीच में कैसी बातें करें, तो मैंने उसे इंतजार करने के लिए बोला, लेकिन वह इसके तैयार ही नहीं थी। वह मुझसे बात करना चाहती थी।'

### 'इंस्पेक्टर अविनाश' में विजुअल

# परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी जरूरी : उर्वशी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला एक बार फिर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के नए सीजन में पूनम मिश्रा के किरदार में नजर आने वाली हैं। इस बीच उर्वशी ने अपने किरदार और एक्टिंग को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि उनकी पब्लिक इमेज हमेशा ग्लैमर से जुड़ी रही है, लेकिन 'इंस्पेक्टर अविनाश' जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखावे से ज्यादा सच्ची भावनाओं की जरूरत होती है। उर्वशी ने आईएएनएस से बताया कि एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ने के लिए 'परफॉर्मेंस वैनिटी' यानी परफेक्ट दिखने की सोच को छोड़ना बहुत जरूरी होता है।



उन्होंने कहा, 'लोग अक्सर मुझसे हर फ्रेम, हर एक्सप्रेशन और हर पल में परफेक्शन की उम्मीद करते हैं, क्योंकि मेरी छवि ग्लैमरस रही है। लेकिन 'इंस्पेक्टर अविनाश' जैसे प्रोजेक्ट विजुअल परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी मांगती हैं। '

एक्ट्रेस ने कहा कि इस किरदार के लिए उन्होंने खुद को ज्यादा 'प्रेजेंट' रखने पर ध्यान दिया उर्वशी ने कहा, 'असल जिंदगी में मुश्किल हालात से गुजर रहे लोग यह नहीं सोचते कि वे कैसे दिख रहे हैं। वे सिर्फ प्रतिक्रिया दे रहे होते हैं, हालात से जूझ रहे होते हैं और भावनाओं को महसूस कर रहे होते हैं। एक अभिनेता के तौर पर इस सच्चाई को समझना मेरे लिए बेहद जरूरी था। '

उर्वशी ने यह भी कहा कि संयमित अभिनय यानी कम शब्दों और शांत अभिनय के जरिए भावनाएं दिखाना ज्यादा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, 'मौन, स्थिरता और नियंत्रित भावनाएं के लिए अलग तरह का आत्मविश्वास चाहिए होता है। कई बार कम करके सच दिखाना, ज्यादा ड्रामेटिक होने से भी कठिन होता है।

### विजय के सीएम बनते ही तृषा कृष्णन बोलीं-

# प्यार की गूंज हमेशा ज्यादा होती है

**टीवीके** प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके एक दिन बाद अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'प्यार की गूंज हमेशा ज्यादा होती है।' तृषा कृष्णन ने सोमवार को अपनी एक तस्वीर फैंस के साथ शेयर की, जिसमें वह एक्वा-ब्लू रंग की सिल्क साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। उनकी साड़ी पर गोल्डन जरी का बॉर्डर है। 43 वर्षीय अभिनेत्री 10 मई को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित विजय के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई थीं। इस दौरान उनके साथ उनकी मां उमा कृष्णा भी मौजूद थीं। समारोह के लिए त्रिशा ने गोल्डन रंग की साड़ी के साथ क्रीम कलर का ब्लाउज पहना था। विजय की पार्टी टीवीके को तमिलनाडु में सरकार बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथैगल काची, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अम्मा मक्कल मुनेत्र कझगम शामिल हैं।



### 'पति-पत्नी और वो 2' को लेकर उत्साहित सारा अली खान, बताया

# इस अभिनेत्री के किरदार पर आया था दिल

अपनी अपकमिंग ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' को लेकर अभिनेत्री सारा अली खान उत्साहित हैं। इस बीच प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री आए दिन मजेदार बातें दर्शकों के साथ साझा कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के किरदार को लेकर मजेदार खुलासा किया। सारा अली का मानना है कि फिल्म का हर एक किरदार खास है, मगर उनकी खासी दिलचस्पी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के किरदार 'नीलोफर' में थी। बातचीत में आयुष्मान खुराना ने सबसे पहले यह राज खोला। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में कई मुख्य किरदार होने पर क्या किसी को दूसरे का रोल ज्यादा पसंद आया, तो आयुष्मान ने बताया कि सारा अली को रकुल प्रीत का किरदार बहुत भाया। उन्होंने कहा कि सारा को लगता है कि नीलोफर के डायलॉग सबसे बेहतरीन हैं। इस पर सारा अली खान ने भी अपनी बात रखते हुए रकुल प्रीत की कॉमिक टाइमिंग की भी खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'मुझे नीलोफर का किरदार बहुत पसंद आया था। स्क्रिप्ट पढ़ते समय ही यह रोल मुझे बहुत अच्छा लगा। लेकिन अब जब मैंने सामने से देखा कि रकुल ने इसे कैसे निभाया है, तो लगता है कि उनके लिए यह रोल बिल्कुल परफेक्ट था। रकुल इतनी मजेदार लग रही हैं कि जो हुआ अच्छे के लिए ही हुआ। अगर कोई दूसरी दुनिया होती तो मैं जरूर नीलोफर का किरदार निभाना चाहती।

' इसके साथ ही रकुल प्रीत सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। आयुष्मान खुराना के साथ पहले भी काम कर चुकीं रकुल ने बताया कि दोस्तों के साथ दोबारा काम करना काफी आसान और मजेदार होता है। इस बार सबसे अलग बात यह रही कि सेट पर बहुत सहजता थी। हमें एक-दूसरे के काम करने के तरीके के बारे में पहले से पता था। इससे काम करना आसान और मस्ती भरा हो जाता है। फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' टी-सीरीज और बी.आर. स्टूडियोज के बैनर तले बनी है।

## मंत्री ने विभागीय समीक्षा बैठक में सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने पर दिया बल




एजेंसी

**पटना।** राज्य के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव की अध्यक्षता में बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मंत्री ने सुधा मॉडल की तर्ज पर बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन (वेजफेड) के माध्यम से राज्य में सब्जी विक्रय केन्द्र स्थापित करने हेतु पायलट परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा तथा विपणन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने मधुबनी जिले के सकरी एवं दरभंगा जिले के रैयाम स्थित बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः संचालित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही शहद उत्पादक सहकारी समितियों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने तथा इनके विस्तार हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करने को कहा, मंत्री ने अनुमंडल स्तर पर विभागीय कार्यालय परिसर निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि प्रशासनिक कार्यों के संचालन में अधिक दक्षता एवं सुविधा सुनिश्चित की जा सके। मंत्री ने सभी स्तर के पदाधिकारियों को सहकारी समितियों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा कि अधिकाधिक समितियों को क्रियाशील बनाकर सहकारिता आंदोलन को और मजबूत किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बिहार राज्य स्वावलंबी सहकारी समिति अधिकरण को यथाशीघ्र कार्यरत करने का भी निर्देश दिया।

## पोक्सो मामले में दोषी को आजीवन कारावास

एजेंसी



**किशनगंज।** व्यवहार न्यायालय स्थित अनन्य विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम दीप चंद पाण्डेय की अदालत ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने बहादुरगंज थाना क्षेत्र के भाटाबाड़ी निवासी शमशेर आलम उर्फ शम्स आलम को पोक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी को पोक्सो अधिनियम के तहत पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत ने आरोपी पर एक लाख 75 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। आदेश के अनुसार अर्थदंड की पूरी राशि पीड़िता को दी जाएगी। यदि आरोपी अर्थदंड की राशि अदा नहीं करता है तो उसे अतिरिक्त छह माह की सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक पोक्सो अधिनियम मनीष कुमार साह ने अदालत में सजा के बिंदु पर जोरदार बहस करते हुए आरोपी के खिलाफ ठोस तथ्य एवं साक्ष्य प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष की दलीलों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुल्तानगंज गोलीकांड के मुख्य आरोपी के घर चला बुलडोजर

**भागलपुर।** अब बिहार में अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलने लगा है। बुधवार को जिले के नगर परिषद सुल्तानगंज गोलीकांड मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामधनी यादव के घर पर बुलडोजर चला दिया। प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते 28 अप्रैल मंगलवार को नगर परिषद सुल्तानगंज कार्यालय में दिनदहाड़े घुसकर तीन अपराधियों ने कार्यपालक पदाधिकारी कृष्णा भूषण कुमार और नगर सभापति राज कुमार गुड्डू को गोली मार दी थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना के 16वें दिन जिला प्रशासन के निर्देश पर अंचल पदाधिकारी अनुज कुमार झा दल-बल के साथ आरोपी रामधनी यादव के घर पहुंचे और बुलडोजर चलवाकर मकान को ध्वस्त कर दिया। अंचल पदाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ पहले नापी कर नोटिस चिपकाया गया था।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**भागलपुर।** जिले के बाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्टीकरी गांव में बुधवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान पूजा कुमारी, पति मुनेश्वर कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतिका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। परिजन के अनुसार पूजा कुमारी की शादी वर्ष 2013 में कस्टीकरी गांव निवासी मुनेश्वर कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मृतका अपने पीछे एक बेटा और दो बेटियों को छोड़ गई है। बताया जा रहा है कि पूजा कुमारी मूल रूप से खड़गपुर तेगड़ा, थाना खरगापुर, जिला मुंगेर की रहने वाली थी। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल में अक्सर विवाद होता रहता था और दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। परिजन ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले भी पति-पत्नी और दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद गांव में पंचायत बुलाई गई थी।

### कैबिनेट की बैठक में 19 एजेंडों पर लगी मुहर

# बिहार के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का डीए बढ़ा

एजेंसी



**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का मंहगाई भत्ता(डीए) 58 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह फैसला किया गया। इससे राज्य के 9 लाख कर्मचारी और अधिकारी लाभान्वित होंगे । यह फैसला 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा।कैबिनेट की बैठक में कुल 19 एजेंडों पर मुहर लगी है। बैठक में विकास योजनाओं, प्रशासनिक सुधारों, निवेश प्रोत्साहन और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. सरकार ने उद्योग, आईटी, सुरक्षा और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़े फैसले लिए हैं. गृह विभाग के प्रस्ताव के तहत अपराध और सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील माने जाने वाले पांच जिलों पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सीवान में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पांच नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई. सरकार का कहना है कि इससे कानून-व्यवस्था पर बेहतर नियंत्रण और पुलिस प्रशासन की निगरानी मजबूत होगी।

वित्त विभाग की ओर से सरकारी कर्मचारियों के डीए को 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे न्यूनतम19 हजार रुपये मूल वेतन मिलने वाले कर्मचारियों के वेतन में 390 रुपये की बढ़ोतरी होगी,जबकि 2.25 लाख रुपये मूल वेतन पाने वाले अधिकारियों को हर महीने 4500 रुपए बढ़कर मिलेंगे। पेंशनधारियों के मासिक पेंशन में भी बढ़ोतरी की गई है। कैबिनेट की बैठक में उद्योग विभाग से जुड़े निर्णय भी लिए गए हैं। बिहार में लगातार उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है. इसी को ध्यान में रखते हुए वैशाली जिले में 100 एकड़ जमीन पर राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (आईएफटीईएम) की स्थापना होने वाली है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण को मंजूरी दी गई। साथ ही एन आईएफटीईएम कैंपस की स्थापना की जाएगी, जिससे युवाओं को फायदा हो सकेगा। उच्च गुणवत्ता की तकनीकी शिक्षा और कौशल मिल सकेगा। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी डेयरी परियोजना को भी मंजूरी मिली।इसमें हर रोज 84 हजार लीटर दूध प्रसंस्करण, दही, मक्खन और अन्य दुग्ध उत्पादों के उत्पादन की व्यवस्था होगी। परियोजना से करीब 170 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना जताई गई है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 योजना के अंतर्गत तीन नये डिग्री कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी। इन कॉलेजों में शिक्षकों और कर्मियों के कुल 132 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।सरकार का कहना है कि इससे उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को सुविधा मिलेगी।

## जनगणना करने गंगा पार पहुंची पूरी प्रशासनिक टीम तेघड़ा प्रशासन ने पेश की जनसेवा की अनूठी मिसाल



**तेघड़ा/बेगूसराय।** दुर्गम दियारा में जनगणना की मिसाल: प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वयं पहुंचे गंगा पार, बढ़ाया प्रगणकों का हौसला तेघड़ा प्रखंड प्रशासन ने जनगणना कार्य को लेकर ऐसी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, जो आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। दियारा क्षेत्र में स्थित अत्यंत दुर्गम राजस्व ग्राम मधुरापुर चौथैया, जहां वर्तमान में मात्र एक परिवार निवास करता है, वहां भी जनगणना कार्य सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रशासनिक टीम गंगा नदी पार कर पहुंची। यह गांव भौगोलिक दृष्टि से बेहद कठिन क्षेत्र में स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए किसी प्रकार की नियमित यातायात सुविधा उपलब्ध नहीं है। प्रशासनिक टीम को नाव के सहारे गंगा नदी पार करनी पड़ी तथा उसके बाद भी ट्रैक्टर के माध्यम से कच्चे एवं कठिन रास्तों से गांव तक पहुंचना पड़ा। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए पूर्व में प्रतिनियुक्त कुछ प्रगणकों द्वारा वहां कार्य करने में असमर्थता जताई गई थी। लेकिन तेघड़ा के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इसे केवल एक औपचारिक सरकारी कार्य नहीं माना, बल्कि जनगणना के महत्व को समझते हुए स्वयं टीम के साथ क्षेत्र में पहुंचने का निर्णय लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नए प्रगणकों की नियुक्ति की तथा स्वयं पर्यवेक्षकों और प्रगणकों के साथ मधुरापुर चौथैया दियारा पहुंचे। परिवार की गणना के लिए प्रशासनिक टीम का इस प्रकार दुर्गम क्षेत्र में पहुंचना लोगों के बीच चर्चा और सराहना का विषय बना हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। सरकार की योजनाएं, संसाधनों का वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी नीतियां जनगणना के आंकड़ों पर आधारित होती हैं। इसलिए प्रशासन का स्पष्ट संकल्प है कि एक भी घर, एक भी परिवार और एक भी व्यक्ति जनगणना से नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि चाहे किसी गांव में एक परिवार हो या सैकड़ों परिवार, प्रशासन की नजर में हर नागरिक समान रूप से महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि सीमित संसाधनों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद टीम वहां पहुंची और जनगणना कार्य संपन्न कराया गया। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल सरकारी कार्य नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति वास्तविक समर्पण का उदाहरण है। ग्रामीणों के अनुसार, किसी पदाधिकारी को स्वयं नाव और ट्रैक्टर के सहारे दुर्गम क्षेत्र में पहुंचकर कार्य करते देखना प्रेरणादायक है। मधुरापुर चौथैया दियारा क्षेत्र में संचालित यह जनगणना अभियान प्रशासनिक संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सेवा भावना की ऐसी मिसाल बन गया है, जो यह दशार्ता है कि यदि प्रशासन इच्छाशक्ति के साथ कार्य करे तो देश का कोई भी नागरिक व्यवस्था और विकास से अछूता नहीं रह सकता। टीम के साथ बरौनी दो पंचायत के मुखिया एवं निपानिया मधुरापुर के मुखिया भी उपस्थित थे।

## विद्यालय में शिक्षक पर हमला, जातिसूचक गाली और जान से मारने की धमकी का आरोप

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर में बुधवार को उस समय हंगामा मच गया, जब विद्यालय में एक छात्रा को थप्पड़ मारने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और शिक्षकों के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज किए जाने का आरोप लगाया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल की छुट्टी के समय एक छोटी बच्ची ने शिक्षक से कथित तौर पर अभद्र भाषा में बात की। इससे नाराज होकर शिक्षक ने बच्ची को थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि बच्ची राजगंज गांव की रहने वाली थी। घर पहुंचने के बाद उसने परिजन और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद करीब 20 से 25 लोग विद्यालय पहुंच गए। आरोप है कि गांव से पहुंचे लोगों ने शिक्षक और अन्य शिक्षकों के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि विद्यालय परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।

## ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने लौटाई लड्डू गोपाल की अनमोल प्रतिमा

एजेंसी



**सीवान।** सीवान रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली का एक भावुक उदाहरण बुधवार को देखने को मिला, जब ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों की आस्था से जुड़ी लड्डू गोपाल की प्रतिमा को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सम्मानपूर्वक सुपुर्द किया गया।

जानकारी के अनुसार, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान में तैनात एएसआई मयंक भूषण तिवारी को सुबह लगभग 11:10 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 14006 डाउन के इंजन से दूसरे कोच में ट्रेन एस्कॉर्ट स्टाफ कांस्टेबल रामाश्रय यादव के पास लड्डू गोपाल की प्रतिमा सुरक्षित है। इस संबंध में रेल मदद पोर्टल पर सहायता की मांग की गई थी.सूचना मिलते ही सीवान स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के बाद उक्त प्रतिमा को सम्मानपूर्वक प्राप्त कर आरपीएफ पोस्ट के रोजनामचा कक्ष में सुरक्षित रखा गया। तत्पश्चात रेल मदद पोर्टल पर दर्ज मोबाइल नंबर के आधार पर देवरिया जिले के लार टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत नदौली गांव निवासी शिवेश नाथ त्रिपाठी से संपर्क किया गया।

## माणिक सरकार घाट के पास जमीन धंसी कई मकानों में आई दरार



**भागलपुर।** शहर के माणिक सरकार घाट इलाके में एक बार फिर जमीन धंसने की घटना सामने आई है जिससे करीब 50 घरों के लोग दहशत में हैं। अचानक जमीन धंसने से कई मकानों में बड़ी दरारें आ गई हैं और पूरे मोहल्ले में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हालात ऐसे हो गए हैं, कि लोग अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं। मोहल्ले वासियों के अनुसार, कुछ महीने पहले भी इसी इलाके में जमीन धंसने की घटना हुई थी, जिसमें कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। उस समय लोग आनन-फानन में अपने घर खाली कर दूसरे स्थानों पर शिफ्ट हुए थे। लेकिन घटना के बाद प्रशासन द्वारा स्थायी समाधान नहीं किए जाने के कारण अब दोबारा वही स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इलाके के नालों का पानी सही तरीके से निकासी नहीं होने के कारण जमीन लगातार कमजोर हो रही है। बारिश और जलजमाव की वजह से मिट्टी धंस रही है, जिससे मकानों पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

## मॉक ड्रिल : पटना समेत राज्य के 6 जिलों में 15 मिनट के लिए बंद होंगी बत्तियां

एजेंसी




**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार 14 मई को पटना समेत राज्य के छह जिले किशनगंज, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया तथा कटिहार में हवाई हमला तथा ब्लैकआउट संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन होगा।

राज्य स्तर पर नागरिक सुरक्षा निदेशालय मॉकड्रिल के लिए नोडल एजेंसी है। मॉकड्रिल को लेकर बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग में विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल तथा महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा निदेशालय डॉ. परेश सक्सेना की अध्यक्षता में संबंधित जिलों के आपदा पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा कि किसी भी तरह की संभावित आपदा से बचाव एवं सुरक्षा के लिए नियमित मॉकड्रिल आवश्यक है। मॉकड्रिल से आमजन में आपदा प्रबंधन संबंधी जागरूकता का प्रसार होता है। आमजन से अपील करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि 14 मई की शाम 07:00 बजे से 07:15 के बीच होने वाले ब्लैकआउट के दौरान घबराएं नहीं, ब्लैकआउट के दौरान अपार्टमेंट्स में जनरेटर, मोबाइल स्क्रीन, टॉर्च या अन्य किसी प्रकाश स्त्रोत का इस्तेमाल ना कर पूर्ण ब्लैक आउट में सहयोग करें।

उन्होंने संबंधित जिलों में सायरन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक आउट के दौरान बिजली की भूमिका महत्वपूर्ण होती है इसलिए जिलों के पदाधिकारी समय रहते ऊर्जा विभाग से सामंजस्य स्थापित करेंगे और ब्लैक आउट की सफलता में सहयोग लेंगे। सायरन के लिए चौक-चौराहों पर लगे साउंड सिस्टम, थानों और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का भी सहयोग लिया जा सकता है। पदाधिकारी मॉकड्रिल के दौरान अस्पतालों की खिड़कियों पर क्यूबिकल पर्दा या प्राइवेसी कर्टन लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

## जनगणना 2027 कार्य में प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

एजेंसी



**पटना।** जनगणना 2027 में प्रगति की समीक्षा प्रधान जनगणना पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा की गई। उन्होंने अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को निर्धारित दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए कार्य करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना का पहला चरण चल रहा है। इसमें मकान सूचीकरण एवं आवासों की गणना की जा रही है। यह 2 मई, 2026 से प्रारंभ हुआ है जो 31 मई, 2026 तक चलेगा। जिलाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों को मकान सूचीकरण एवं आवासों की गणना (एचएलओ) का कार्य त्रुटिहीन ढंग से करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना हमारे समृद्ध लोकतंत्र को आधार प्रदान करती है। इसके आंकड़े देश के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक नागरिक जनगणना में सक्रिय रूप से भाग लें। प्रगणक घर-घर जाकर 33 प्रश्नों के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करेंगे। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत आपकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। आप प्रगणक को पूरा सहयोग करें एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत चार्जों में जनगणना कार्यों में प्रगति का नियमित अनुश्रवण करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ नियमित तौर पर बैठक कर कार्यों में तेजी लाने का निदेश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले चार्ज अधिकारियों को चेतावनी देते हुए स्थिति में तुरत सुधार लाने का निदेश दिया अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में गैस आपूर्ति समान्य, अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएसओ

एजेंसी



**कटिहार।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनावपूर्ण स्थितियों के बीच सोशल मीडिया पर घरेलू गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आम जनता को घबराने या अफवाहों के आधार पर पैनिक बुकिंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है। डीएसओ ने बताया कि जिले में संचालित सभी 54 गैस एजेंसियों के पास भारी मात्रा में स्टॉक मौजूद है। वर्तमान में 12,533 घरेलू एलपीजी सिलेंडर भंडारित हैं। आपूर्ति व्यवस्था की सुदृढ़ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते 12 मई को कुल 6,335 बुकिंग के विरुद्ध प्रशासन और गैस कंपनियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 6,392 सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी बाजार में 1,364 सिलेंडर उपलब्ध हैं। गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और मुनाफाखोरी जैसी अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए प्रशासन बेहद सख्त है। जिले में 16 धावा दलों का गठन किया गया है जो लगातार संदिग्ध ठिकानों, होटलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पैनी नजर रख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हंगरी में 16 साल बाद नई सरकार, मंत्रियों ने संभाले पदभार

**बुडापेस्ट, एजेंसी।** यूरोपीय देश हंगरी में 16 साल के बाद व्यवस्था बदल गई है। मंत्रियों ने पदभार संभाल लिए हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में मंगलवार को प्रधानमंत्री पीटर मैग्यार के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल मंत्रियो को शपथ दिलाई गई। सत्ता हस्तांतरण से पहले मैग्यार की प्रो-यूरोपीय तिस्ज़ा पार्टी ने पिछले महीने ओर्बन की फ़िडेज़ पार्टी को हराकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। इसी के साथ 16 साल से चला आ रहा ओर्बन के राजनीतिक सिस्टम का पटाक्षेप हो गया है। पीटर मैग्यार ने अपनी नीतियों का संकेत देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व वाली नई सरकार सभी हंगरीवासियों की होगी और मंत्री राष्ट्र सेवा की भावना के साथ काम करेंगे। मैग्यार ने भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, सार्वजनिक धन की वसूली, लोकतांत्रिक संस्थाओं को बहाल करने जैसे लुभावने वादे भी किए। नई सरकार में 16 मंत्रालय हैं, जिनमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और शिक्षा के लिए अलग विभाग हैं। इसका लक्ष्य यूरोपीय संघ के जमे हुए करीब 17 अरब यूरो के फंड को वापस लाना है, जिस पर विदेश मंत्री अनीता ओर्बन ने भी जोर दिया।

### मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर हार्मोन का निधन

**न्यूयार्क, एजेंसी।** वन लाइफ टु लिव और हाउ टु सरवाइव ए मैरिज जैसे लोकप्रिय सोप ओपेरा के लिए मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर हार्मोन का निधन हो गया है। वह 82 साल की थीं। परिजनों ने बताया कि जेनिफर ने शनिवार को न्यूयॉर्क में आखिरी सांस ली। हार्मोन ने अपने लगभग पांच दशकों के करिअर में ब्रॉडवे मंच (थिएटर) पर 21 बार अपनी कला का प्रदर्शन कर विशिष्ट पहचान बनाई थी। वे रंगमंच की दुनिया का एक प्रतिष्ठित चेहरा थीं। जेनिफर हार्मोन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में ह्व्ष्ट के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। जेनिफर हार्मोन का जन्म 3 दिसंबर 1943 को कैलिफोर्निया के पासाडेना में हुआ था। वह न्यू ऑरलियन्स में बड़ी हुईं। उन्होंने मिसिसिपी और मिशिगन विश्वविद्यालय से पढ़ाई की। इसके बाद न्यूयॉर्क जाकर उन्होंने थिएटर में काम शुरू किया। 1965 में जेनिफर ने ब्रॉडवे पर डेब्यू किया। उनके करियर में 'द स्कूल फॉर स्कैंडल', 'ब्लाइथ स्पिरिट', 'द ग्लास मेनेजरी', 'बेयरफुट इन द पार्क' जैसे कई प्रसिद्ध सीरियल्स में काम किया है। उन्होंने कई दशकों तक ब्रॉडवे पर अपनी अच्छे अभिनय का लोहा मनवाया। 'वन लाइफ टू लिव' में 1990 के दशक में वह एक वकील के रोल में भी वापस लौटी थीं। उन्होंने 'अनदर वर्ल्ड', 'गाइडिंग लाइट' और 'लविंग' जैसे कई सोप ओपेरा में भी काम किया।

### एक और पर्वतारोही की माउंट एवरेस्ट पर मौत, अब तक 3 मरे

**काठमांडू, एजेंसी।** माउंट एवरेस्ट पर एक और नेपाली पर्वतारोही की दरार में गिरने से मौत हो गई। पिछले दो हफ्तों के भीतर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर होने वाली यह तीसरी मौत है। अधिकारियों ने बताया कि 21 वर्षीय फुरा ग्यालजेन शेरपा कैंप-3 के पास बर्फ पर फिसलकर लगभग 7,200 मीटर की ऊंचाई पर हादसे का शिकार हुए। इससे पहले खूंबू आइसफॉल और बेस कैंप के रास्ते में दो अन्य नेपाली पर्वतारोहियों बिजय घिमिरे बिश्वकर्मा (35) और लक्पा देंडी शेरपा (51) की जान गई थी।

### आईडीएमसी रिपोर्ट में खुलासा : युद्ध और हिंसा ने दुनिया में मचाई तबाही, अपने ही देश में बेघर हुए 8.2 करोड़ लोग

**जिनेवा, एजेंसी।** दुनियाभर में संघर्ष, गृहयुद्ध, सांप्रदायिक हिंसा और जलवायु आपदाओं ने करोड़ों लोगों को अपने ही देश में बेघर कर दिया है। इंटरनल डिस्प्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर (आईडीएमसी) व नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल (एनआरसी) की ताजा ग्लोबल रिपोर्ट ऑन इंटरनल डिस्प्लेसमेंट 2026 के अनुसार 2025 के अंत तक 104 देशों में 8 करोड़ 22 लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित जीवन जी रहे थे। यह संख्या जर्मनी की आबादी के बराबर है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में यह आंकड़ा दोगुने से अधिक हो गया है और पहली बार युद्ध तथा हिंसा ने प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा लोगों को विस्थापित किया। रिपोर्ट के मुताबिक 8 करोड़ 22 लाख विस्थापितों में 6 करोड़ 86 लाख लोग संघर्ष और हिंसा के कारण बेघर हुए। रिपोर्ट के अनुसार जून 2025 में इस्त्राइल और ईरान के बीच हुए 12 दिन के संघर्ष ने आधुनिक समय की सबसे बड़ी एकल आंतरिक विस्थापन घटना पैदा की। इस्त्राइली सैन्य कार्रवाई और निकासी चेतावनियों के बाद तेहरान से करीब एक करोड़ लोगों को भागना पड़ा।

# डेमोक्रेटिक नेताओं ने दी ईरान में बढ़े पैमाने पर युद्ध बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि ट्रंप प्रशासन अमेरिका को मध्य पूर्व में एक और लंबे युद्ध की तरफ धकेल सकता है। ईरान के साथ चल रहे तनाव और युद्ध को लेकर अमेरिकी सीनेट में हुई एक अहम सुनवाई के दौरान नेताओं के बीच गहरे मतभेद सामने आए। इस दौरान युद्ध की बढ़ती आर्थिक और सैन्य लागत पर भी चिंता जताई गई। यह बहस उस समय हुई जब राष्ट्रपति ट्रंप के 1.5 ट्रिलियन डॉलर के रक्षा बजट प्रस्ताव पर सीनेट की रक्षा संबंधी उपसमिति में चर्चा चल रही थी। कई डेमोक्रेट सीनेटर्स ने मौजूदा हालात की तुलना अमेरिका के पुराने इराक और अफगानिस्तान युद्धों से की। उनका कहना था कि सरकार के पास इस संघर्ष को खत्म करने की कोई स्पष्ट और लंबी रणनीति दिखाई नहीं दे रही है। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि प्रशासन किसी व्यापक राजनीतिक योजना के बिना, युद्ध के मैदान में मिलने वाली छोटी-मोटी जीतों पर ही केंद्रित लग रहा है। कून्स ने कहा, 'राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पहले एक आम सहमति हुआ करती थी कि अमेरिका को युद्ध में तभी उतरना



चाहिए जब हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई खतरा हो, जब बाकी सभी विकल्प खत्म हो चुके हों, और जब हमारे पास स्पष्ट उद्देश्य और यह योजना हो कि युद्ध का अंत कैसे होगा।' कून्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बार-बार यह सवाल किया कि प्रशासन अब तक होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह सुरक्षित क्यों नहीं बना पाया। इस समुद्री रास्ते पर ईरान के दबाव की वजह से दुनियाभर में तेल और ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को कुछ सैन्य सफलताएं जरूर मिली हैं, लेकिन रणनीतिक स्तर पर अमेरिका को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने भी सवाल उठाया कि क्या प्रशासन ईरान की, लंबे समय तक आर्थिक और सैन्य दबाव झेलने की क्षमता को कम करके आंक रहा है। मर्फी ने कहा, 'यह एक बहुत जोखिम भरी रणनीति है।' उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान तो शायद वर्षों तक प्रतिबंधों और सैन्य दबाव को झेल जाए, लेकिन अमेरिकी परिवारों को ईंधन की आसमान छूती कीमतों के कारण भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

मर्फी ने तर्क दिया कि 'इस मामले में समय हमारे पक्ष में नहीं है,' क्योंकि तेल की बढ़ती कीमतें पहले से ही अमेरिकी किसानों और आम परिवारों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

सीनेटर पैटी मरे ने रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार घरेलू जरूरतों से ज्यादा युद्ध पर पैसा खर्च कर रही है। मरे ने कहा, 'आप परिवारों की गाढ़ी कमाई से दिए गए टैक्स के पैसों को एक ऐसे युद्ध पर खर्च कर रहे हैं जिसका बहुत से लोग पुरजोर विरोध करते हैं। आप अगले साल के लिए युद्ध के बजट में आधा ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी करना चाहते हैं। डेमोक्रेट नेताओं ने यह सवाल भी उठाया कि क्या ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए सरकार के पास कानूनी अधिकार हैं या नहीं। उनका कहना था कि इतने बड़े संघर्ष के लिए कांग्रेस की औपचारिक मंजूरी जरूरी होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान रक्षा मंत्री हेगसेथ ने ट्रंप प्रशासन का बचाव किया। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप ने वह हासिल किया है जो पिछली सरकारें नहीं कर सकीं। उनका कहना था कि अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबाव बनाने की ताकत है और यह अभियान ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए जरूरी है। पेंटागन अधिकारियों के मुताबिक अब तक ईरान संघर्ष पर करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। सीनटरों ने चेतावनी दी कि अगर सैन्य अभियान लंबे समय तक जारी रहा और मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों को और नुकसान हुआ, तो यह खर्च और तेजी से बढ़ सकता है।

पूरी बहस से यह साफ दिखाई दिया कि वॉशिंगटन में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि ईरान के साथ यह टकराव आगे चलकर एक बड़े और लंबे युद्ध में बदल सकता है। ठीक ऐसे समय में अमेरिका पहले ही चीन, रूस और यूक्रेन से जुड़े मामलों में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

## नहीं डालेंगे हथियार, इजरायल के लिए बना देंगे नरक; हिजबुल्लाह प्रमुख ने दी सीधी धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** हिजबुल्लाह के वरिष्ठ नेता नईम कासिम ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि समूह की सैन्य क्षमताएं और हथियार पूरी तरह से लेबनान का आंतरिक मामला हैं। इजराइल के साथ चल रही शत्रुता के दौरान इन्हें किसी भी सौदेबाजी की मेज पर नहीं रखा जाएगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, कासिम ने टेलीविजन संबोधन में इजरायली सैन्य दबाव का मुकाबला करते हुए कहा कि हम मैदान नहीं छोड़ेंगे। हम इजरायल के लिए इसे नरक बना देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके लड़ाके लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इस दौरान कासिम ने लेबनानी सरकार के साथ भविष्य के सहयोग की रूपरेखा भी पेश की, जिसमें पांच प्रमुख उद्देश्य शामिल हैं... इजरायली आक्रामकता समाप्त कर लेबनान की संप्रभुता सुनिश्चित करना कब्जे वाले सभी क्षेत्रों से इजरायली सैनिकों की पूर्ण वापसी

**बंदियों की रिहाई :** विस्थापित नागरिकों की दक्षिणी लेबनान में सुरक्षित वापसी व्यापक स्तर पर पुनर्निर्माण कार्य वहीं, विदेशी हस्तक्षेप पर कासिम ने कहा कि लेबनान के बाहर किसी भी देश या पक्ष को हथियारों, प्रतिरोध आंदोलन या आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। हिजबुल्लाह प्रमुख ने साफ किया कि प्रतिरोध के हथियार अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों के लिए चर्चा का विषय नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह



लेबनान का आंतरिक मामला है और दुश्मन के साथ किसी भी बातचीत का हिस्सा नहीं होगा। नईम कासिम ने आगे बताया कि पांच बिंदुओं को हासिल करने के बाद लेबनान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के तहत आंतरिक मामलों को व्यवस्थित करेगा, जिसमें प्रतिरोध आंदोलन सहित अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग किया जाएगा। बता दें कि यह बयान ऐसे समय में आया है जब लेबनान-इजरायल सीमा पर अस्थिरता बरकरार है। मई 2026 के मध्य तक अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ युद्धविराम, जो मूल रूप से 17 अप्रैल को लागू हुआ था, अब कागजी घोषणा बनकर रह गया है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के बफर जोन में अपनी मौजूदगी बनाए हुए है और रोजाना झड़पें जारी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च से अब तक इजरायली बलों ने लेबनान के लगभग 6 प्रतिशत क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। बता दें कि 2 मार्च को संघर्ष बढ़ने के बाद स्थिति बेहद खराब हो गई है। अल जजीरा के अनुसार, इजरायली अभियानों में 2840 से अधिक लोग मारे गए और 8700 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक लाख से अधिक नागरिक विस्थापित हो चुके हैं।

## महाराष्ट्र के सांगली में बड़ा हादसा; मंदिर परिसर की दीवार ढही, 6 श्रद्धालुओं की मौत और 14 घायल

**सांगली , एजेंसी।** महाराष्ट्र के सांगली जिले में मंगलवार शाम मंदिर परिसर की दीवार ढह गई और टीन की चादरें गिर गईं। हादसे की चपटे में आने से 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 12 से 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पश्चिमी महाराष्ट्र जिले की जठ तहसील के मोठेवाड़ी गांव में स्थित मार्गदेवी मंदिर में हुई। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को आमतौर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आते हैं। माना जा रहा है कि तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते यह हादसा हुआ। सांगली के पुलिस अधीक्षक तुषार दोशी ने बताया, 'मंदिर परिसर में लगभग 350 श्रद्धालु मौजूद थे। शाम को अचानक तेज हवाओं और भारी बारिश ने इलाके को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे श्रद्धालु दीवार के सहारे और टीन की चादरों के नीचे शरण लेने लगे। अचानक दीवार और टीन की चादरें गिर गईं, जिससे श्रद्धालु अंदर फंस गए।' उन्होंने बताया कि इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 12 से 14 अन्य घायल हो गए। दोशी ने बताया कि घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**मंदिरों से मूर्तियां चुराने का आरोपी गिरफ्तार :** दूसरी ओर, दिल्ली पुलिस ने पंजाब, केरल और कर्नाटक में विभिन्न मंदिरों से चांदी की मूर्तियां व दान की वस्तुएं चुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहित शर्मा उर्फ मामा के रूप में हुई है, जिसे पंजाब की अदालत ने मंदिर में चोरी के मामले में भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस के अनुसार, शर्मा अक्सर अपना ठिकाना बदलकर अलग-अलग राज्यों में चला जाता था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थानीय लोगों से बहुत कम संपर्क करता था। अधिकारी ने कहा, 'शर्मा ने कम सुरक्षा वाले मंदिरों, विशेष रूप से सूनसान क्षेत्रों में स्थित मंदिरों की रेकी करने और देर रात या तड़के चोरी करने का तरीका विकसित कर लिया था। आरोपी ने मंदिर परिसर में रखी चांदी की मूर्तियों, दान पेटियों, देवी-देवताओं के आभूषणों और अन्य कीमती वस्तुओं को मुख्य रूप से निशाना बनाया।

## पीएम मोदी ने आधा कर दिया अपना काफिला, एसपीजी को खास निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी खर्चों में कटौती की दिशा में एक बड़ा और अहम कदम उठाया है। पीएम मोदी की पहल पर उनके आधिकारिक काफिले को अब छोटा कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (स्क्क्रसपीजी) को यह निर्देश दिया है कि उनके काफिले में शामिल कारों की संख्या को 50 प्रतिशत तक कम करने का प्रयास किया जाए। पीएम मोदी के इस कदम को सरकार के बाकी विभागों और मंत्रियों के लिए भी एक बड़े संदेश के तौर पर देखा जा रहा है।

**बिना अतिरिक्त खर्च किए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा :** सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने यह भी इच्छा जताई है कि उनके सुरक्षा बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाए। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि इसके लिए कोई भी नई गाड़ी नहीं खरीदी जाएगी, ताकि किसी भी



तरह के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। एसपीजी ने पीएम के इन निर्देशों पर अमल करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि सुरक्षा से जुड़े 'ब्लू बुक' के अनिवार्य दिशानिर्देशों के साथ कोई समझौता न हो। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में दिल्ली से बाहर पीएम मोदी के दौरों में उनका काफिला पहले की तुलना में छोटा नजर आया है।

**हैदराबाद में जनता से की थी यह अपील :** पीएम मोदी ने यह पहल ऐसे समय में की है, जब रविवार को अपने हैदराबाद दौरे पर उन्होंने आम लोगों से ईंधन और सोने की खपत कम करने की अपील की थी। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों का मानना है कि प्रधानमंत्री का खुद आगे आकर ऐसा करना पूरी सरकार के लिए एक इशारा है कि वे भी जल्द से जल्द इस दिशा में काम करें।

**सरकारी विभागों में खर्च घटाने की तैयारी :** संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले दिनों में सरकारी मंत्रालयों और विभागों में भी खर्चे कम करने के लिए कई कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसके तहत कुछ प्रमुख बदलाव देखने को मिल सकते हैं: कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा मेट्रो का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आने-जाने के लिए कारपूलिंग का विकल्प चुनने पर जोर दिया जाएगा। मंत्रालयों में होने वाले बड़े और खर्चीले भोज के आयोजनों से बचा जाएगा।

**राजनाथ सिंह की बैठक में भी उठा मुद्दा :** एक अधिकारी ने बताया कि सभी विभागों में उन कदमों को लेकर चर्चा चल रही है जिनसे ईंधन की खपत कम की जा सके। पीएम का संदेश हमारे सहित सभी के लिए है। हम कार्मिक विभाग के आधिकारिक पत्र का इंतजार कर रहे हैं कि हमें क्या करना चाहिए। हालांकि, हर विभाग को अपनी-अपनी योजना खुद बनानी होगी। आपको बता दें कि सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्रियों के एक अनौपचारिक समूह की बैठक हुई थी।

## अमेरिका में एफडीए प्रमुख डॉ मकरी का इस्तीफा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक संस्था एफडीए के कमिश्नर डॉक्टर मार्टी मकरी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले काफी समय से प्रशासन के भीतर और बाहर से उन पर दबाव बनाया जा रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी पुष्टि की। ट्रंप ने मकरी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कठोर परिश्रमी डॉक्टर बताया। हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि ट्रंप उन्हें बर्खास्त करने की योजना को पहले ही मंजूरी दे चुके थे। अब उनकी जगह काइल डायमांटास कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**फ्लेवर्ड ई-सिगरेट पर छिड़ा था 'शीत युद्ध' :** डॉक्टर मकरी के इस्तीफे के पीछे सबसे बड़ी वजह ई-सिगरेट नीति को माना जा रहा है। पिछले सप्ताह एफडीए ने पहली बार फ्रूट-फ्लेवर्ड ई-सिगरेट को बाजार में उतारने की मंजूरी दी थी। मकरी इस फैसले के सख्त खिलाफ थे। उनका मानना था कि फलों के स्वाद वाले वेप्स बच्चों और युवाओं को नशे की लत में धकेल देंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इसी वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। प्रशासन के अन्य अधिकारी इस मंजूरी के पक्ष में थे, जिससे टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी।

**आंतरिक कलह के बाद शीर्ष अधिकारियों का पलायन :** मकरी का एक साल का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। उनके नेतृत्व में एफडीए के भीतर भारी अस्थिरता देखी गई। एजेंसी के लगभग सभी वरिष्ठ करियर अधिकारियों ने या तो इस्तीफा दिया या उन्हें हटा दिया गया। हेल्थ सेक्रेटरी रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हस्तक्षेप और राजनीतिक हितों के कारण वैज्ञानिक सिद्धांतों से समझौते के आरोप लगे। ड्रग सेंटर में एक साल के भीतर छह अलग-अलग निदेशक बदले गए। इससे कर्मचारियों का मनोबल गिर गया और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे।

**फार्मा दिग्गज और एक्टिविस्ट भी थे नाराज :** डॉक्टर मकरी को चौतरफा विरोध का सामना करना पड़ा। फार्मा कंपनियों के सीईओ उनकी नीतियों से असंतुष्ट थे। उनका आरोप था कि मकरी की कार्यशैली से दवाओं की मंजूरी में अनिश्चितता पैदा हुई है। दूसरी ओर, गर्भपात विरोधी समूह भी उन पर हमलावर थे। इन समूहों का आरोप था कि मकरी गर्भपात की दवा मिफेप्रिस्टोन की समीक्षा में जानबूझकर देरी कर रहे हैं। वहीं, वेपिंग लॉबिस्टों ने ट्रंप से शिकायत की थी कि मकरी उनके उत्पादों के रास्ते में रोड़ा अटका रहे हैं।

**अधर में लटकीं मकरी की नई योजनाएं :** मकरी ने दवा समीक्षा प्रक्रिया को तेज करने के लिए कई पहल की थीं। उन्होंने इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल पर जोर दिया था। लेकिन उनके इस्तीफे के बाद इन योजनाओं का भविष्य धुंधला गया है। इनमें से अधिकांश कार्यक्रमों को अभी तक कानूनी रूप से लागू नहीं किया गया था। ऐसे में नए प्रमुख इन फैसलों को आसानी से पलट सकते हैं। विपक्षी दल भी इन योजनाओं की वैधता पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं।

## ईरान पर नई मुसीबत, अमेरिका से तनाव के बीच भूकंप से दहली राजधानी तेहरान



**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका के साथ युद्ध के बीच ईरान पर नई मुसीबत आ गई है। खबर है कि मंगलवार को राजधानी तेहरान में भूकंप आया है। इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई है। हालांकि, इस दौरान किसी जान और माल के नुकसान की खबर नहीं है। फिलहाल, मुल्क के कई शहरों में राहत टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को भी ईरान के गेराश क्षेत्र में भूकंप आया था, जिसकी तीव्रता 4.3 रही थी। आईआरआईबी यानी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के अनुसार, भूकंप के एक घंटे के बाद तक भी नुकसान की कोई खबर नहीं थी। साथ ही कहा गया है कि इस दौरान किसी तरह का आर्थिक नुकसान भी नहीं हुआ है। एजेंसी ने लिखा, 'तेहरान, माजनदरान, कोम और अलबोर्ज में रेड क्रीसेंट फोर्सेज को अलर्ट पर रखा गया है।' शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी नीचे तेहरान-माजनदरान प्रांत सीमा के पास था। यह राजधानी तेहरान से 41 किमी और करज से 77 किमी दूरी पर है। भूकंप के झटके तेहरान प्रांत के पूर्वी हिस्सों और माजनदरान प्रांत के शहरों में महसूस किए गए हैं। 3 मार्च को आए भूकंप का केंद्र भूमि की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी कम गहराई वाले भूकंप प्राकृतिक टेक्टोनिक गतिविधियों से जुड़े होते हैं और इस भूगर्भीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में ऐसे झटके असामान्य नहीं माने जाते। 28 फरवरी से शुरू हुए ईरान और अमेरिका युद्ध के बाद अब तक स्थायी समझौता नहीं हो सका है। हाल ही में दोनों मुल्कों के बीच शांति प्रस्ताव एक बार फिर खारिज हो गया है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर ईरान डील नहीं करता है, तो वह उस मुल्क को खत्म कर देंगे। साथ ही कहा है कि स्थिति अमेरिका के नियंत्रण में है और ईरान को खत्म करने के लिए उन्हें चीन की जरूरत नहीं है। एजेंसी वार्ता ने सीएनएन के हवाले से लिखा है कि ट्रंप पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इससे पहले, ट्रंप के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि वाइट हाउस होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रंप को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है।

## ट्रंप के रक्षा बजट पर बवाल: ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ बोले- अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जॉइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे। सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप प्रशासन की रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान



संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास 'सैन्य विकल्प मौजूद हैं', लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान 'अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती' बंद करे। जॉइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गतिविधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे समय में जब अमेरिका के विरोधी देश एकजुट हो रहे हैं, सहयोगियों से दूरी बनाना खतरनाक हो सकता है। वहीं चीन को लेकर भी अमेरिका की रणनीति पर चर्चा हुई। ट्रंप की संभावित बीजिंग यात्रा से पहले मैककॉनेल ने पूछा कि क्या ताइवान और दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी प्रतिबद्धताएं कायम रहेंगी। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोगियों जापान, ताइवान और फिलीपींस के साथ साझेदारी और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विनेश फोगाट की वापसी पर सियासत तेज

● बृजभूषण सिंह बोले- रायता फैलाकर गईं हैं देवीजी, कांग्रेस सांसद ने कहा- न्याय मांगने की कीमत चुका रहीं, साक्षी मलिक ने लगाई गुहार



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती में विनेश फोगाट की वापसी को लेकर विवाद अब खेल से निकलकर राजनीतिक और सामाजिक बहस का विषय बन गया है। ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने जहां मां बनने के बाद खिलाड़ियों को दुनिया भर में मिलने वाली राहत का हवाला देते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ से विनेश फोगाट को ट्रायल का मौका देने की अपील की है। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि WFI कभी बिना वजह किसी खिलाड़ी को नहीं रोकता। अगर रोक लगाया गया है तो उसके पीछे कोई कारण जरूर होगा। रोहतक से सांसद और कांग्रेस नेता दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इसे 'साजिश, बदला और अन्याय' करार दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए न्याय मांगने की कीमत विनेश फोगाट आज भी चुका रही हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट को राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी है।





## विनेश के समर्थन में आईं साक्षी मलिक

इस पूरे विवाद के बीच साक्षी मलिक खुलकर विनेश के समर्थन में सामने आईं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन में दोनों पहलवान एक साथ नजर आई थीं। बाद में विनेश फोगाट के राजनीति में आने और कांग्रेस से जुड़ने के बाद दोनों के रास्ते अलग माने जाने लगे थे। अब साक्षी मलिक ने मंगलवार 12 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। साक्षी मलिक ने कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है, दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है। साक्षी ने एक्स पर पोस्ट वीडियो में कहा, ''मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, लेकिन मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं।



## भुवी झटक चुके हैं 21 विकेट

### ... लेकिन भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में बड़े-बड़े गेंदबाज संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 11 मैच में 21 विकेट लेकर पर्पल कैप पर कब्जा जमाए रखा है। ऐसे में रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज खिलाड़ी ने भुवनेश्वर की



भारतीय टीम में वापसी की मांग कर दी है। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि वह भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार ने आरसीबी के सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, 'मैं भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहा हूं। कई साल हो गए हैं जब मैंने लंबे समय के लक्ष्य रखना या बनाना बंद कर दिया है। जब भी मैंने ऐसा किया है तो यह मेरे लिए कभी काम नहीं आया। मैं खुश हूं कि 200 मैच खेले और पावरप्ले और डे ओवर इतने सारे विकेट लिए। मुझे लगता है कि यह सब उन कामों का इनाम है जो मैंने इतने सालों में किए हैं। अच्छे साल भी रहे हैं और बुरे साल भी। सच कहूं तो इस समय मुझे कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। बेशक, अगर मैं कहूं कि बाद में मुझे ऐसा महसूस नहीं होगा तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि ये यादें बाद में काम आएंगी, लेकिन इस समय मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत सामन्य है।'

### आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है

भुवनेश्वर कुमार ने कहा, 'मुझे पता है कि 2026 अच्छा जा रहा है। मुझे विकेट मिल रहे हैं, लेकिन मैं वही सब कर रहा हूं जो मैं पहले भी कर रहा था। बेशक मैं कह सकता हूं कि ट्रेनिंग थोड़ी ज्यादा हो गई है या शायद कुछ चीजें बेहतर हुई हैं क्योंकि मैं देश के लिए नहीं खेल रहा हूं। सबसे अच्छी बातों में से एक यह है कि आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है।





# विराट आलोचना नहीं झेल पाते

● पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने टॉस के दौरान का बताया वाकया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली आलोचना नहीं झेल पाते हैं। उनका दावा है कि कोहली अपने बारे में कही गई हर बात को पढ़ते और सुनते हैं। मांजरेकर ने उन घटनाओं के बारे में बताया जब टॉस के समय कोहली ने आलोचना के बाद उन्हें 'ठंडा' जवाब दिया था। मांजरेकर ने कहा कि कोहली कहते हैं कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि लोग उनके बारे में क्या कहते हैं या क्या सोचते हैं, लेकिन भारत के पूर्व कप्तान मैदान पर अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचना या नकरात्मकता का जवाब देना चाहते हैं। मांजरेकर ने स्पोर्टस्टार के इनसाइट एज पॉडकास्ट पर कहा,'कोहली ऐसे इंसान हैं जो आलोचना नहीं झेल पाते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें पता चल जाता है कि उनके बारे में क्या कहा जा रहा है क्योंकि मेरा उनके साथ एक कप्तान और एक खिलाड़ी के तौर पर अनुभव रहा है। अचानक एक दिन मैंने उन्हें टॉस के समय या कहीं और बहुत ठंडा पाया और मुझे लगा शायद उन्होंने अपने बारे में कही गई कोई बात सुन ली है।'

### आलोचना से बड़ा शतक जड़ने के लिए प्रेरणा



मांजरेकर ने कहा, 'वह उन लोगों में से एक है जो कहते रहे हैं कि हमें इस बात की परवाह नहीं है कि लोग क्या कहते हैं और क्यों कहते हैं, लेकिन वह बहुत भावुक भी हैं। शायद यह एक अच्छी बात भी है क्योंकि अगर वह इस तरह की आलोचना या कुछ नकारात्मक सुनते हैं तो इससे उन्हें बड़ा शतक जड़ने के लिए प्रेरणा मिलती है।' मांजरेकर ने मैदान पर कोहली की ऊर्जा की तारीफ की और कहा कि इससे टीम का हौसला बढ़ाने में मदद मिलती है। विराट कोहली की कप्तानी में हर खिलाड़ी को विराट कोहली जैसा बनना था मांजरेकर ने कहा, 'कप्तान के तौर पर उनके बारे में अच्छी बात यह थी कि जब चीजें खराब चल रही थीं जब उन्हें पता था कि पिच या गेंदबजी के साधनों को देखते हुए वे विकेट नहीं ले पाएंगे तब भी वे यह पक्का करते थे कि टीम जोश में रहे। मैदान पर ऊर्जा बनी रहे। उन्होंने उन्हें यकीन दिलाया कि चीजें होंगी। मुझे लगता है कि यही उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि टीम कप्तान जैसा होता है वैसी ही होती है। विराट कोहली की कप्तानी में हर खिलाड़ी को विराट कोहली जैसा बनना था। अगर कोई मैदान पर जाकर थोड़ा भी ढीला दिखता तो वह अगला टेस्ट मैच नहीं खेल पाता।

# गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हराया

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची GT



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार 12 मई 2026 को गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया। आईपीएल 2026 के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हरा दिया। आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस की यह लगातार पांचवीं जीत है। गुजरात टाइटंस अब आईपीएल 2026 की अंक तालिका में पहले स्थान पर है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे स्थान पर बनी हुई है। लगातार पांचवीं जीत के बाद गुजरात टाइटंस के अब 12 मैच में 16 अंक हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के 12 मैच में 14 अंक हैं। गत चैंपियन आरसीबी के 11 मैच में 14 अंक हैं।

- **सनराइजर्स हैदराबाद 86 रन पर ढेर हो गई-** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेले गए मैच में टॉस जीता और फील्डिंग चुनी। साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 168 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर हो गई।
- **SRH ने 60 रन पर गंवा दिये थे सात विकेट-** एक समय सनराइजर्स हैदराबाद ने महज 60 रन पर ही 7 विकेट गंवा दिये थे। कगिसो रबाडा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। कगिसो रबाडा ने सनराइजर्स हैदराबाद के शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 4 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर ने 4 ओवर में 20 रन देकर

### फुटबॉल प्रीमियर लीग

## टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

**लंदन।** फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है। प्रीमियर लीग की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए



परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया। लेविन ने मैच के 74वें मिनट में हाथ आए मौके को भुनाया और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। टॉटेनहम हॉटस्पर ने इसके बाद मुकाबले में वापसी करने का काफी प्रयास किया, लेकिन लीड्स यूनाइटेड की टीम ज्यादा हावी नजर आई। मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट मैच में चटाई धूल

### WTC की अंकतालिका में फेरबदल, भारत के लिए बढ़ गया खतरा



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जीत लिया है। मंगलवार को ढाका के शेर-ए-बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में पहले टेस्ट के आखिरी दिन बांग्लादेशी टीम ने बेहतरीन जीत दर्ज की। नाहिद राणा ने पांच विकेट लेकर पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया। इस मैच के बाद डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) 2025-27 की अंकतालिका में भी कुछ बदलाव हुए। भारतीय टीम की पोजिशन फिलहाल नहीं बदली लेकिन आगे भारत के लिए खतरा बढ़ गया है।

इस मैच में पहले खेलते हुए बांग्लादेश की टीम ने कप्तान नजमुल हुसैन शंतो के शतक की बदौलत 413 रन बनाए। जवाब में अजान अवैस के शतक की बदौलत पाकिस्तान की टीम 386 रन पर सिमट गई। 27 रन की लीड मिलने के बाद बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 240 रन बनाकर पारी घोषित की और पाकिस्तान को 268 रन का लक्ष्य दिया। पाकिस्तान की टीम इस लक्ष्य के सामने 163 रन पर ढेर हो गई। बांग्लादेश ने पहली बार अपने घर पर पाकिस्तान को टेस्ट मैच हराया है। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हसन शंतो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबकि गेंदबाजी में मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा टीम के हीरो रहे। दोनों ने मैच में 6-6 विकेट झटके। अब पाकिस्तानी टीम सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है।

### भारत के लिए क्यों बढ़ा खतरा

पाकिस्तान का यह इस सत्र में तीसरा मुकाबला था और अक्टूबर 2025 से मई 2026 तक यह उसकी लगातार दूसरी हार है। जबकि बांग्लादेश ने भी अपना तीसरा मैच खेला और एक ड्रॉ व एक हार के बाद पहली जीत दर्ज की। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला 16 मई से सिल्हट में खेला जाएगा।

# आईपीएल के बाद अब होगा ईटीपीएल

### राहुल द्रविड़ बने टीम के मालिक और अश्विन को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को इससे पहले कोच, मेंटोर समेत अलग-अलग जिम्मेदारियों में देखा गया है। अब वह एक नई टी20 लीग में बतौर टीम के मालिक नजर आएंगे। उन्हें कोच के तौर पर अलग-अलग तरह के मालिकों के साथ काम करने का अनुभव रहा है, जिनमें से कुछ मालिक बेहद जुनूनी रहे, जबकि कुछ दूर रहकर केवल निगरानी करने पर ध्यान देते हैं। द्रविड़ अब यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) की टीम डबलिन गार्डियंस के मालिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए यह साफ कर दिया है कि वह ETPL की इस टीम के मालिक के तौर पर क्रिकेट संचालन में दखल नहीं देंगे और कप्तान रविचंद्रन अश्विन को फैसले लेने की पूरी छूट देंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह किस तरह के मालिक बनना चाहेंगे, तो द्रविड़ हंस पड़े। उन्होंने कहा, 'यह तो समय आने पर ही पता चलेगा। यह मेरे लिए पहला अनुभव होगा, इसलिए मैं खुद भी देखना चाहता हूं कि मैं इस भूमिका में कैसा रहूंगा।'



### कप्तान के कार्य में नहीं देंगे दखल

करीब 30 वर्षों तक शीर्ष स्तर के क्रिकेट से जुड़े रहने के बावजूद द्रविड़ मानते हैं कि नई जिम्मेदारी में उन्हें टीम से कुछ दूरी बनाकर रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मेरी योजना क्रिकेट से जुड़े रोजमर्रा के मामलों से थोड़ी दूरी बनाकर रहने की है। मेरा मकसद ऐसी मजबूत टीम तैयार करना होगा, जो अपने स्तर पर काम कर सके। आप मुझे डगआउट में लगातार नहीं देखेंगे। मैं हर अभ्यास सत्र या हर मैच में मौजूद रहने वाला व्यक्ति भी नहीं हूं।' राहुल द्रविड़ ने साफ किया कि वह टीम मालिक के तौर पर सीमित लेकिन

## गुजरात टाइटंस शीर्ष पर

● क्लासेन ने साई से छीनी ऑरेंज कैप, भुवी का दबदबा बरकरार

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 51वें मैच में मंगलवार (12 मई) को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे नंबर पर है। दोनों के 14-14 अंक हैं। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के 12-12 अंक हैं।

ऑरेंज कैप रेस की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने इस पर फिर से कब्जा जमा लिया। इससे पहले गुजरात टाइटंस की पारी में साई सुदर्शन ने इस पर कब्जा जमा लिया था। दोनों के 500 रन पूरे हो गए हैं। पर्पल कैप रेस में भुवनेश्वर कुमार का दबदबा बरकरार है। उन्होंने 21 विकेट झटके हैं। कगिसो रबाडा ने उनकी बराबरी कर ली है।

● जूलरी स्टॉक में हाहाकार, 20 प्रतिशत तक गिरावट

# पहले मोदी की अपील और अब इम्पोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जूलरी स्टॉक्स में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है। सरकार ने सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दी है। इससे देश में सोने और चांदी की मांग प्रभावित होने की आशंका है। इससे जूलरी कंपनियों के शेयरों में शुरुआती कारोबार में छह फीसदी तक गिरावट आई है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए लोगों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। इससे सोमवार और मंगलवार को जूलरी स्टॉक्स में भारी गिरावट आई थी। पिछले तीन दिन में इनमें 20 फीसदी तक गिरावट आई है। सबसे ज्यादा नुकसान कल्याण जूलर्स को हुआ है। कंपनी का शेयर करीब छह फीसदी गिरावट के साथ 340.10 रुपये तक गिर गया। यह इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर है। पिछले सत्र में यह बीएसई पर 361.95 रुपये पर बंद हुआ था और आज 346.25 रुपये पर खुला। पिछले तीन दिन में कंपनी के शेयरों में करीब 20 फीसदी गिरावट आई है। यह शेयर अपने पीक से इसकी कीमत में 45 फीसदी गिरावट आई है। पिछले साल 24 जुलाई को यह 617.30 रुपये तक गया था जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है।

## लगातार तीसरे दिन गिरावट

सरकार ने सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत की जूलरी कंपनियों के शेयरों में आज 6 फीसदी तक गिरावट आई लगातार तीसरे दिन जूलरी शेयरों में गिरावट, 20 प्रतिशत तक लुढ़के मोदी ने लोगों से एक साल तक सोने नहीं खरीदने की अपील की थी दूसरे शेयरों का प्रदर्शन सेनको गोल्ड का शेयर में 1.6 फीसदी गिरावट आई है। लेकिन पिछले तीन दिन में इसमें 18 फीसदी गिरावट आई है। पिछले सत्र में यह 312.65 रुपये पर बंद हुआ था जबकि 299.20 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 315.25 रुपये तक हाई और 299.20 रुपये तक लो गया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 404.80 रुपये और न्यूनतम स्तर 275.70 रुपये है। टाटा ग्रुप की जूलरी कंपनी टाइटन के शेयरों में पिछले तीन दिन में करीब 12 फीसदी गिरावट आई है। कंपनी का शेयर पिछले सत्र में 4,054.05 रुपये पर बंद हुआ था और आज 4,043.95 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह करीब 1 फीसदी गिरावट के साथ 3,987.55 रुपये पर आ गया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 4,601.10 रुपये और न्यूनतम स्तर 3,301.05 रुपये है।

# भारत ने कभी रूस से एलएनजी आयात किया ही नहीं, हरदीप पुरी ने रखे फैक्ट, पीएम की अपील का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील की आलोचना करने वालों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भारत में कोई संकट नहीं है। विरोधियों पर घबराहट और गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया। फैक्ट रखते हुए यह भी बताया कि भारत ने कभी रूस से एलएनजी आयात किया ही नहीं। यह प्रतिक्रिया उन रिपोर्टों के बाद आई जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने रूस से एलएनजी आयात लेने से इनकार कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केंद्रीय मंत्री ने अपनी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना काल हो या फिर कुछ और। विपक्ष ने हमेशा अफवाह फैलाने की कोशिश की। लोगों को भड़काने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पश्चिम एशिया में तनाव के दौरान देश ने अपने दैनिक एलपीजी उत्पादन में लगभग 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। पुरी ने उन रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि भारत ने रूस से एलएनजी लेने से मना कर दिया है। उन्होंने इसे भ्रामक करार देते हुए बताया कि भारत ने कभी रूस से एलएनजी आयात किया ही नहीं। पुरी ने कहा, 'जो




लोग 1.4 अरब भारतीयों और देश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए मुश्किल हालात समझकर जश्न मना रहे हैं, उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए।' वह बोले, 'अपनी साख को नुकसान पहुंचाते हुए वे जिस घबराहट, डर और अफवाहबाजी में लगातार लिप्त रहे हैं, वह उन्हें बस यहीं तक ले जाएगी, इससे आगे नहीं।'

## क्यों आई पुरी की यह प्रतिक्रिया

मंत्री की यह प्रतिक्रिया तब आई जब विपक्षी दलों ने पीएम मोदी की अपील की आलोचना की। पीएम मोदी ने हाल में देश के नागरिकों से अपील की थी। ईंधन की खपत कम करने और जहां संभव हो फ्रॉम होम' अपनाने को कहा था। सोने की गैर-जरूरी खरीद और विदेश यात्रा को टालने के लिए भी बोला था। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के बीच यह अपील की गई थी।

## भारत में कोई संकट नहीं

पुरी ने कहा कि पीएम के मैसेज को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत में कोई संकट नहीं है। पीएम ने नागरिकों को सिर्फ ऊर्जा की खपत को संयमित करने की सलाह दी है ताकि अर्थव्यवस्था पर कोई वित्तीय बोझ न पड़े। ऐसा इसलिए नहीं किया गया क्योंकि हमारे पास एनर्जी सप्लाई में कोई समस्या है।

# खाड़ी देशों से आता है भारत का 38 प्रतिशत रेमिटेंस, पश्चिम एशिया संकट इकॉनमी के लिए परीक्षा जैसा: सीईए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीफ इकनॉमिक एडवाइजर वी अनंत नागेश्वरन का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट देश के भुगतान संतुलन की स्थिति के लिए एक इम्तिहान की तरह है। हालांकि उन्होंने यह भरोसा जताया कि भारत ने जिस तरह का राजकोषीय अनुशासन दिखाया है, इन्फ्रास्ट्रक्चर में जिस तरह निवेश किया है और जैसे सुधार किए हैं, उनके दम पर मौजूदा हालात से निपटा जा सकता है। पश्चिम एशिया में करीब ढाई महीने से संघर्ष चल रहा है और फिलहाल इसका कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। नागेश्वरन ने कहा कि भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और इसका भी 46 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से आता रहा है। एलपीजी की जरूरत का 60 प्रतिशत आयात होता है और उसका भी 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा खाड़ी इलाके से आता है। वहीं, सालाना रेमिटेंस का 38 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से भारत आता है। इसे देखते हुए पश्चिम एशिया संकट विदेश नीति का ऐसा मसला नहीं है, जो कभी-कभी आर्थिक नीतियों को भी प्रभावित करता है। सीईए ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट देश के भुगतान संतुलन की स्थिति के लिए एक इम्तिहान की तरह है भारत राजकोषीय अनुशासन, इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश और सुधारों के दम पर मौजूदा हालात से निपट सकता है

भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और 46 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से आता रहा है इसी तरह एलपीजी की जरूरत का 60 प्रतिशत आयात होता है और उसका भी 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा खाड़ी इलाके से आता है पश्चिम एशिया संकट विदेश नीति का ऐसा मसला नहीं है, जो कभी-कभी आर्थिक नीतियों को भी प्रभावित करता है

## क्या है मुख्य चुनौती

चीफ इकनॉमिक एडवाइजर ने कहा कि यह भुगतान संतुलन की स्थिति के लिए एक इम्तिहान है, जिसका सीधा संबंध महंगाई, चालू खाते और एक्सचेंज रेट से है। नागेश्वरन ने कहा कि इस वित्त वर्ष में चालू खाते को संभालना और रुपये में गिरावट को रोकना मुख्य चुनौती है। देश में किसी खास अवधि में आने वाली रकम और यहां से बाहर जाने वाली रकम के अंतर को भुगतान संतुलन कहा जाता है। युद्ध शुरू होने के बाद से डॉलर के मुकाबले रुपया 5 प्रतिशत कमजोर हो चुका है।

## मध्य-पूर्व तनाव से महंगी हुई खेती, डीएपी के दाम में 40 प्रतिशत उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** मध्य-पूर्व में जारी तनाव का असर अब भारत की खेती पर भी दिखाई देने लगा है। खेती में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख उर्वरक डायअमोनियम फॉस्फेट की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। भारत ने अब डायअमोनियम फॉस्फेट को युद्ध से पहले की तुलना में लगभग 40 फीसदी अधिक कीमत पर खरीदने का समझौता किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन पोटाश लिमिटेड पश्चिमी तट के लिए 7.05 लाख टन डायअमोनियम फॉस्फेट उर्वरक 930 डॉलर प्रति टन की दर से खरीदेगी, जबकि पूर्वी तट के लिए 6.41 लाख टन उर्वरक 935 डॉलर प्रति टन के भाव पर लिया जाएगा। फरवरी में यही कीमत करीब 667 डॉलर प्रति टन थी। खाद की कीमत बढ़ने का सीधा असर खेती की लागत पर पड़ता है। किसान फसल उत्पादन में बड़ी मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करते हैं। यदि सरकार सब्सिडी नहीं बढ़ाती है, तो किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। फिलहाल सरकार डायअमोनियम फॉस्फेट पर सब्सिडी देती है, जिससे किसानों को कुछ राहत मिलती है। फॉस्फेट उर्वरकों में इस्तेमाल होने वाले सल्फर की वैश्विक सप्लाई का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आता है। ऐसे में क्षेत्रीय तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में संभावित बाधा से सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। इससे आने वाले समय में खाद की कीमतों में और तेजी आ सकती है। भारत ने हाल ही में लगभग 25 लाख टन यूरिया की खरीद भी की है, जिसके लिए पहले के मुकाबले लगभग दोगुनी कीमत चुकानी पड़ी। यह खरीद ऐसे समय में हुई है जब देश में मानसून सीजन शुरू होने वाला है और किसान धान, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। अगर उर्वरकों की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो खेती की कुल लागत बढ़ सकती है। इसका असर धीरे-धीरे आटा, चावल, दाल और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दिखाई दे सकता है।

## गौतम अडानी का घटा रुतबा, 6.07 अरब डॉलर का झटका, मुकेश अंबानी टॉप-20 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर

नईदिल्ली, एजेंसी। दुनिया के अमीरों में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी का रुतबा थोड़ा कम हुआ है। मंगलावर को ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट हुई। इस कारण उनकी दौलत



6.07 अरब डॉलर कम हो गई। अब अडानी ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में 17वें पायदान से खिसककर 18वें पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी दुनिया के अरबपतियों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं। अंबानी ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के 21वें पायदान पर पहुंच गए है। माइकल डेल मंगलवार को दौलत गंवाने वाले अरबपतियों में नंबर एक रहे। इन्हें 21 अरब डॉलर का झटका लगा है। अडानी का अब नेटवर्थ 102 अरब डॉलर रह गया है। दूसरी ओर मुकेश अंबानी की दौलत 89.3 अरब डॉलर रह गई है।

### दुनिया के टॉप-10 अमीरों के नेटवर्थ में क्या हुआ बदलाव

टेस्ला के शेयरों में गिरावट की बदौलत एलन मस्क की दौलत में मंगलवार को 8.35 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। इस गिरावट के साथ ही उनका नेटवर्थ 688 अरब डॉलर पर आ गया है।

# शेयर बाजार के इंडेक्स बने हैं रोलर कोस्टर, पेनी स्टॉक सुबह ही जा फंसा अपर सर्किट में

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार के इंडेक्स आज सुबह से ही रोलर कोस्टर बना हुआ है। बीएसई का सेंसेक्स जब खुला तो 119.90 अंक नीचे था। लेकिन थोड़ी ही देर में यह करीब 400 अंक ऊपर चला गया। इसी बीच गिरावट आई तो लगभग 400 से ज्यादा अंक नीचे चला गया। लेकिन इस स्थिति में भी इंडस्ट्रियल केमिकल की लॉजिस्टिक्स और ट्रेडिंग कंपनी ए-1 लिमिटेड (बीएसई - 542012) के शेयर सुबह ही अपर सर्किट में जा फंसे।

ए-1 केमिकल ने कल ही वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही का परिणाम जारी किया है। शेयर बाजार को दी गई नियामकीय जानकारी के अनुसार मार्च 2026 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए कंपनी ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है। कंपनी ने चौथी तिमाही में 4.36 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। यह एक साल



पहले की इसी तिमाही के के 0.84 करोड़ रुपये के मुकाबले 417.11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान ऑपरेशनल रेवेन्यू 145.27 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले के 109.62 करोड़ रुपये के मुकाबले 32.51 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी ने 5.99 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 3.65 करोड़ रुपये की तुलना में 64.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान ऑपरेशनल रेवेन्यू 342.91 करोड़ रुपये रहा, जो एक वर्ष पहले के 331.49 करोड़ रुपये के मुकाबले 3.44 प्रतिशत की वृद्धि है।

**क्या रही शेयर की चाल:** ए-1 लिमिटेड के शेयर बीएसई में कल 10.26 रुपये पर बंद हुए थे। आज सुबह इसके शेयर 10.77 रुपये पर खुले जो कि कल के मुकाबले पांच फीसदी ज्यादा है। कारोबार के दौरान इसके शेयर थोड़ी देर के लिए 10.76 रुपये पर आए, लेकिन तुरंत ही यह फिर 10.77 रुपये पर चले गए। इस कंपनी के शेयर का सर्किट लिमिट पांच फीसदी का है। मतलब कि यह शेयर सुबह ही अपर सर्किट में फंस गए। पेनी ब्रिटिश मुद्रा पाउंड स्टर्लिंग की एक इकाई है। शेयर बाजार में पेनी स्टॉक का अर्थ उन लिस्टेड कंपनियों के शेयर से लगाए जाते हैं, जिनकी कीमत बहुत कम होती है। आमतौर पर इन कंपनियों के शेयर का दाम एक रुपया से 50 रुपये के बीच होता है। ये शेयर होते तो सस्ते हैं, लेकिन इनमें रिस्क भी बहुत ज्यादा होता है। इनमें उच्च अस्थिरता और कम लिक्विडिटी भी होती है। लेकिन कम दाम के कारण इनमें कम समय में तेजी से रिटर्न देने की क्षमता भी होती है।

## महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल

इस लॉजिस्टिक कंपनी ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने बताया है कि उसके 90 प्रतिशत से अधिक व्हीकल अब डेट-फ्री हैं। इसले लक्ष्य तय किया है कि अक्टूबर 2026 तक उसके सभी व्हीकल पूरी तरह से डेट-फ्री हो जाएंगे। ऋण-मुक्त बेड़े में परिवर्तित हो जाएगी। साथ ही कंपनी अपने मौजूदा बेड़े में 10 मल्टी-एक्सल टैंकर जोड़कर अपनी लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को और बढ़ा रही है। इस विस्तार के साथ, कंपनी के स्वामित्व वाले बेड़े में वाहनों की कुल संख्या बढ़कर 71 हो जाएगी, जिससे यह बढ़ती ग्राहक मांग को बेहतर ढंग से पूरा करने और सभी बाजारों में समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में सक्षम होगी।

● खड़ा किया 45 करोड़ का करोबार, साधारण से काम से भी कामयाबी की बुलंदियों को छुआ जा सकता है

# लैब से कड़ाही तक, साइंटिस्ट पति-पत्नी ने नौकरी छोड़कर बेचे समोसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निधि और शिखर सिंह बेंगलुरु के रहने वाले हैं। इस कपल ने साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो साधारण से काम से भी कामयाबी की बुलंदियों को छुआ जा सकता है। बायोटेक्नोलॉजी की फील्ड में अपनी जमी-जमाई मोटी सैलरी वाली जॉब छोड़कर दोनों ने कारोबार की दुनिया में कदम रखने का फैसला किया। स्टार्टअप को बड़ा करने के लिए अपना घर तक बेच डाला। इसका नाम 'समोसा सिंह' है। आज यह ब्रांड भारतीय स्नैक्स की दुनिया में बड़ा नाम बन चुका है। इसने पारंपरिक स्वाद को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर एक नई पहचान हासिल की है। इसका टर्नओवर 45 करोड़ रुपये पहुंच गया है। आइए, यहां निधि और शिखर सिंह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। साल 2015-16 की बात है। निधि और शिखर ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने सफल करियर को छोड़कर समोसे बेचने का मन बनाया। इससे उनके कई करीबी हैरान रह गए। उन्होंने दोनों को खूब



टोका। उनका मानना था कि एक सुरक्षित और शानदार जिंदगी को छोड़कर इस तरह का रिस्क लेना समझदारी नहीं है। हालांकि, इस कपल ने एक फूड कोर्ट में गौर किया था कि समोसा भारत का सबसे पसंदीदा स्नैक तो है। लेकिन, मार्केट में कोई बड़ा ब्रांडेड प्लेयर नहीं है। इसी कमी को पूरा करने के लिए शिखर ने पहले नौकरी छोड़ी। उनका मानना था कि 'बैकअप' होने पर इंसान अपना 100 प्रतिशत नहीं दे पाता।

साइंस बैकग्राउंड से होने के कारण कपल ने समोसे को सिर्फ एक रेसिपी के बजाय विज्ञान की तरह देखा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती समोसे का 'सोगी' (नरम या गीला) होना था। ऐसा डिलीवरी के दौरान अक्सर हो जाता है। अपनी बायोटेक स्किल्स का इस्तेमाल करके उन्होंने विशेष रोलर्स और तकनीक विकसित की। यह मैदे के 'ग्लूटेन बॉन्ड्स' को तोड़ देती है। इस तकनीक की मदद से उनके समोसे डिलीवरी के 6 घंटे बाद भी उतने ही कुरकुरे रहते हैं, जितने कड़ाही से निकलने पर होते हैं। सफर की शुरुआत बेंगलुरु में महज 300 वर्ग फीट की एक छोटी सी रसोई और एक रसोइए के साथ हुई थी। शुरू में शिखर खुद डिलीवरी करते थे। निधि ग्राउंड लेवल पर मैनेजमेंट देखती थीं। व्यापार को बड़ा करने और मांग को पूरा करने के लिए एक समय ऐसा आया जब उन्होंने बिना डरे अपना खुद का मकान तक बेच दिया ताकि निवेश की कमी न हो। उनकी मेहनत रंग लाई।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ी खुदरा महंगाई, अप्रैल में 3.48 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के आभूषणों और रसोई से जुड़े कुछ उत्पादों के दाम बढ़ने से अप्रैल में खुदरा महंगाई की दर मामूली रूप से बढ़ी है। यह बढ़कर 3.48 फीसदी हो गई। मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पश्चिम एशिया में जारी घमासान के बीच महंगाई का बढ़ना अच्छा संकेत नहीं है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 को आधार मानकर किए गए कैलकुलेशन के आधार पर खुदरा महंगाई दर अप्रैल में 3.48 फीसदी रही। मार्च में यह 3.40 फीसदी थी। इसके पहले फरवरी में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर 3.21 फीसदी जबकि जनवरी महीने में 2.74 फीसदी रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से अप्रैल में खाद्य महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 4.2 फीसदी हो गई। मार्च में यह 3.87 फीसदी थी। कीमतों में सबसे अधिक 144.34 फीसदी की बढ़ोतरी चांदी से बने आभूषणों में दर्ज की गई। इसके बाद नारियल-कोपरा (44.55 फीसदी), सोना, हीरा और प्लैटिनम आभूषण (40.72 फीसदी), टमाटर (35.28 फीसदी) और फूलगोभी (25.58 फीसदी) का स्थान रहा। हालांकि, अप्रैल में आलू, प्याज, कार-जीप, मटर और एयर कंडीशनर की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान जताया था। आरबीआई ने इसके 4.6 फीसदी रहने के अनुमान जाहिर किए थे। वहीं, पहली तिमाही के लिए चार फीसदी महंगाई का



अनुमान था। आरबीआई ने कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा संसाधनों की ऊंची कीमतें और संभावित 'अल नीनो' प्रभाव के कारण महंगाई बढ़ने का जोखिम है।आरबीआई अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के दौरान खुदरा महंगाई के आंकड़ों को ही ध्यान में रखकर निर्णय करता है। एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई की दर 3.74 फीसदी और 3.16 फीसदी दर्ज की गई।

## नारिये से है इ दुनिया



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

अंधरिया राईत कर चांद
दुख बेरा बराबइर कांध,
कखनो काली,कखनो
दुरगा,लछमी,सारोसती
नारिये से है इ दुनिया जहान।
रहैना चुपे पाया भइर
अपन सइह के अपमान,
पइढ़ लिख के आब
बेटीयो भी उड़थैं असमान।
डेगे - डेग हर घड़ी हर छन
होते रहेला नारी मनक सोसन,
मगर !आंईख मुइन्द लेवेला समाज
जइसे होइये नखे इसन - उसन।
रील - विल बिडियो भइर नइ
आब पन्ना - पन्ना खुलथे संविधान,
अपराधी के देउवाथैं सजा
खिच लेगथैं गिरेबान ।
अंधरिया राईत कर चांद
दुख बेरा बराबइर कांध,
कखनो काली,कखनो
दुरगा,लछमी,सारोसती
नारिये से है इ दुनिया जहान।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में सरधा आउर भक्ति कर संगे मनाल गेलक अपरा एकादसी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा अपरा एकादसी कर पावन परब सरधा, भक्ति आउर आध्यात्मिक उल्लास कर संगे मनाल गेलक। ई धारमिक कार्जकरम में सरधालुमन भाग लेइ के पुण्य लाभ प्राप्त करलयं। कार्जकरम कर सुभारंभ बिहाने बिसेस पूजा-अर्चना से भेलक। मंदिर परिसर में भक्तिमय बाताबरन कर बीच सरधालुमन भगवान श्री हरि विष्णु आउर श्रीराधा-कृष्ण के याइद करते सुख, सांति आउर समरिधि कर कामना करलयं। गोटा मंदिर परिसर में भक्ति गीत, मंत्रोच्चार आउर जयकारा से आध्यात्मिक बाताबरन बनल रहे। ई अवसर में श्री राधा रानी कर बिसेस आउर अलौकिक सिंगार करल गेलक। उनके नवा लुगा आउर जड़ित आभूसन से सजाल गेलक, जे सरधालुमन कर मन मोइह लेलक। दिब्य सिंगार से सजल श्री राधा रानी कर दरसन ले सरधालुमन कर भीड़ उमइड़ गेलक। मंदिर कर भब्य सजावट आउर भजन संकीर्तन से भक्तिमय माहौल सउब के आध्यात्मिक आनंद से भइर देलक।

मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडे बिधिवत मंत्रोच्चार कर संगे पूजा-अर्चना संपन्न करालयं, ऊ भगवान के लड्डू, मेवा, फल आउर केसरिया दूध कर बिसेस भोग चढ़ालयं?। सरधालुमन भी भगवान कर गोड़ में फूल आउर परसाद चढ़ाय के परिवार कर सुख-समरिधि आउर मंगलमय जिनगी कर कामना करलयं। पूजा-अर्चना कर बाद सामूहिक महाआरती कर आयोजन करल गेलक। दीया कर जगमगाहट, घंटी कर मधुर आवाज आउर राधे-राधे आउर हरि बोल कर जयघोस से गोटा मंदिर परिसर भक्तिमय होए गेलक। सरधालुमन बहुते सरधा आउर भक्ति भाव से आरती में भाग लेलयं आउर प्रभु कृपा प्राप्ति कर प्रार्थना करलयं। धारमिक अनुष्ठान कर बाद सरधालुमन आकर बीच भेजिटेबल खिचड़ी परसाद कर बितरन करल गेलक। बड़ संख्या में आवल भक्तमन भक्ति भाव से परसाद गरहन करलयं। ई अवसर में ट्रस्ट कर अध्यछ डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल आउर प्रवक्ता संजय सर्राफ कहलयं कि सनातन धरम में अपरा एकादसी कर बिसेस महत आहे। ई एकादसी पाप कर नास करेक वाला आउर मोछ परदान करेक वाला मानल जायेला। ई दिन व्रत, पूजा, दान आउर भगवान बिसनु के याइद करेक से अदमी के आध्यात्मिक सांति आउर अछय पुण्य कर प्राप्ति होवेला। ऊ कहलयं कि एकादसी कर व्रत खली धारमिक आस्था कर प्रतीक नई, बलकि आत्मसुधि, संयम आउर सकारात्मक जीवनसइली कर संदेस भी देवेला। प्रवक्ता संजय सर्राफ बतालयं कि 16 मई के वट सावित्री पूजा कर अवसर में मंदिर में बिसेस पूजा कर आयोजन करल जाए हे।









# रास्ट्रीय सुरछा के मजबूत करेक ले स्वदेसी छमता बिकास उपरे भी जोर





नागपुर में एयरोस्पेस पावर सेमिनार आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय बायु सेना कर मुख्यालय रखरखाव कमान स्वायत्त रक्षा थिंक टैंक, सेंटर फॉर एयरपावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीएपीएसएस) कर सहजोग से नागपुर में एक दिनक संजुक्त एयरोस्पेस पावर सेमिनार कर सफलतापूर्बक आयोजन करलक। ₹कुशल रखरखाव और आत्मनिर्भरता : वायु शक्ति के प्रवर्तक₹ बिसय उपरे केंद्रित ई सेमिनार में बरिष्ठ सैन्य हस्तिमन, छेतर कर बिसेसगय आउर बिसिस्ट प्रतिभागीमन के एयरोस्पेस छमता बढ़ायेक में रखरखाव दछता आउर आत्मनिर्भरता कर महतपूर्न भूमिका उपरे बिचार-बिमर्स करेक ले एके संगे लानल गेलक।

बायु सेना प्रमुख, रखरखाव कमान कर वायु अधिकारी कमान प्रमुख, वायु मार्शल यल्ला उमेश, वीएसएम, पीएचडी, मुध गोतिया कर रूप में ई अवसर कर सोभा बढ़ालयं। आपन संबोधन में ऊ संचालन संबंधी तत्परता बनाए राखेक आउर रास्ट्रीय सुरछा के मजबूत करेक ले सुद्दढ़ रखरखाव ढांचा आउर स्वदेसी छमता बिकास कर महत उपरे जोर देलयं। ऊ ई बात उपरे जोर देलयं कि अंतरिछ परनाली में आत्मनिर्भरता प्राप्त करेक ससक्तता सुनिश्चित करेक, बाहरी संसाधन उपरे निर्भरता कम करेक आउर मिसन कर प्रभावसीलता बढ़ायेक ले जरुरी आहे। ई सेमिनार में उभरत रखरखाव पद्धति, तकनीकी प्रगति, स्वदेसीकरन कर पहल आउर भारत कर वायुसेना के मजबूत करेक कर उद्देस से बनाल गेल नीतिगत रूपरेखा उपरे केंद्रित ज्ञानबर्धक प्रस्तुति आउर पैनल चर्चा होलक। भारतीय बायु सेना आउर सीएपीएसएस कर बिसेसगयमन रछा उत्पादन में आत्मनिर्भरता कर राष्ट्रव्यापी बिजन कर अनुरूप रखरखाव रननीति के अपनायेक उपरे आपन बिचार साझा करलयं।

# श्री श्याम मंदिर में मनाल गेलक अचला एकादसी बिहाने से ही भक्तमन कर लागल रहे तांता

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर में आइज अचला एकादसी के लेइ के मंदिर में बिहाने से हे भक्तमन कर भीड़ देखेक ले मिललक। बिहाने 5 बजे जखन मंदिर कर दुरा खुललक, तब नियमित रूप से दरसन करेक वाला भक्तमन कर अलावा एकादसी में आवेक वाला भक्त भी ढेइर संख्या में पहुंचल रहयं। बिहाने 5:30 बजे मंगला आरती करल गेलक। तनी देरी बाद मंड कर पर्दे लगाय के मंडल कर अध्यछ गोपाल मुरारका, कोसाध्यछ मनोज खेतान आउर बरिष्ठ कार्यकारिनी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा कर सानिध्य में बाबा श्याम कर प्रातः कालीन दिब्य सिंगार करल गेलक । बिहाने 8:30 बजे सिंगार आरती में भक्तमन कर भारी भीड़ देखेक ले मिललक।

दूपहर 12:30 बजे कर बाद बिश्राम ले मंदिर कर दुरा लगाल गेलक। सांझ 4:30 बजे फिन जखन दुरा खुललक तो ढेइरे भक्तमन कर भीड़ मंदिर में उमइड़ गेलक । एकादसी कर मुध कार्जकरम रात कर 9:30 बजे से सुरु भेलक। मंडल कर कार्यकारनी सदस्य स्नेह पोद्दार, सदस्या स्नेहा पोद्दार बाबा श्री श्याम कर अखंड ज्योति प्रज्वलित कइर के केसरिया पेडा रबड़ी मगहीपान फल कर भोग अरपन करलयं। मंडल कर उपाध्यछ श्रवण ढांढनिया गणेश बंदना से भजन संकीर्तन सुरूर करलयं। इकर बाद बरिष्ठ कार्यकारनी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा गुरु जी करलयं। वंदना राजेश चौधरी हनुमान जी कर बंदना, अनुज मोदी रानी सती दादी की बंदना, वेद भूषण जैन भोले बाबा कर बंदना आउर सलज अग्रवाल आउर गौरव अग्रवाल श्याम बाबा कर बंदना से भक्तमन के रिझालयं। देइर राइत आरती कर संगे एकादसी संकीर्तन कार्जकरम संपन्न भेलक।





# पहाड़ी मंदिर कर नजीक आइसक्रीम कर बितरन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यछ शुभा अग्रवाल कर नेतृत्व में पहाड़ी मंदिर कर नजीक में आइसक्रीम बांटल गेलक। कार्जकरम में अध्यछ शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका, कोमल पोद्दार, पायल जैन, शायरी अग्रवाल, वर्षा धानुका, वीणा शर्मा संगे अन्य सदस्य पहुंचल रहयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया देलयं।



## गुरुवारमोर बाबाधन



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, तपकरा।

ओहो रे .......मोर बाबा
धन
नित उठी राऊर धरोना
चरण।। ध्रु।।

सिंचत रक्त देली जनम,
जग कर बताली करम,
प्रथम गुरु देली अक्षर गेयान
ए मोर बाबा धन.....
नित उठी राऊर धरोना
चरण।। 1।।

रहे जब बालपन,
सीना में करली शयन,
भ्रष्ट पंथे राऊरे करली ताड़न
ए मोर बाबा धन.....
नित उठी राऊर धरोना
चरण।। 2।।

कठिने राऊर रौद्र रूप,
भीतरे है माया अजगुत,
पंथ सोझात आपने कर
बचन
ए मोर बाबा धन.....
नित उठी राऊर धरोना
चरण।। 3।।

भेली हाम एकेला एखन,
देऊ नी आपन आशीष
बचन,
*नारायण* करत वंदन
ए मोर बाबा धन......
नित उठी राऊर धरोना
चरण।। 4।।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह,
**प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com